वर्ष : 12 | अंक :108 | हमीरपुर, रविवार 21 अप्रैल, 2024 तदानुसार 13, त्रयोदशी चैत्र-शुक्ल, विक्रमी संवत् 2081, | कुल पृष्ठ : 08 | मूल्य : 5 रुपए




www.devbhumimirrornews.com

3 अध्यात्म को व्यवहारिक रूप दे रहा है निरंकारी मिशन...
8 मोदी ने विकास का मुख और बजट का रुख गांव की तरफ मोड़ा है ....

## खबर एक्सप्रेस

### हम खत्म कर देंगे अग्निवीर भर्ती योजना

**भागलपुर। कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र में चुनाव बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त करने और देश के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने वादा किया। राहुल गांधी ने शनिवार को यहां कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने जिस तरह मनरेगा के तहत रोजगार का अधिकार दिया उसी तरह केंद्र में बनने वाली हमारी अगली सरकार देश के हर स्नातक और डिप्लोमा धारी को पहली नौकरी का अधिकार देगी।

### अमरीका ने पाकिस्तान को दिया जबरदस्त झटका

**वाशिंगटन। अमरीका** ने पाकिस्तान को कथित रूप से बैलिस्टिक मिसाइल सामग्री की आपूर्ति करने वाले तीन चीनी और एक बेलारूसी इकाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने विज्ञप्ति में कहा कि आज हम कार्यकारी आदेश 13382 के अनुसार, चार संस्थाओं को नामित कर रहे हैं, जो सामूहिक विनाश के हथियारों और उनके वितरण के साधनों को लक्षित करते हैं। इसमें से तीन संस्थाएं पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना में स्थित हैं और एक बेलारूस में, जिन्होंने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के लिए मिसाइल-प्रायोज्य सामग्रियों की आपूर्ति की है, जिसमें इसकी लंबी दूरी की मिसाइल कार्यक्रम भी शामिल है। श्री मिलर ने कहा कि यह प्रतिबंध बेलारूस स्थित मिन्स्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट के साथ-साथ चीन स्थित शीआन लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड और ग्रैनपेक्ट कंपनी लिमिटेड पर लगाया गया है।

### बड़े अंतर से हारेगा अशोक गहलोत का बेटा : शाह

**भीलवाड़ा। केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने दावा करते हुए कहा है कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की सभी 12 लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में जा रही हैं और दूसरे चरण के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बेटा भी अपने क्षेत्र से बड़े अंतर से चुनाव हारेंगे। अमित शाह ने शनिवार को भीलवाड़ा के शकरगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का पहला चरण का चुनाव था और इस चरण की सभी बारह सीटें श्री मोदी की झोली में जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में हैट्रिक कर-के तीसरी बार सभी 25 सीटें पीएम मोदी की झोली में डालेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत अपने बेटे के चुनाव में ही उलझ कर रह गए हैं और उनका बेटा भी बड़े अंतर से चुनाव हार रहा हैं।

### हिमकेयर के लिए 100 करोड़ रुपए

शिमला। लोकसभा चुनाव के बीच बकाया धनराशि के कारण बंद हुई नि:शुल्क इलाज की हिमकेयर योजना को लेकर राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। इसके बाद बड़े अस्पतालों में भी दोबारा से नि:शुल्क के इलाज शुरू होने की संभावना बनी है। स्वास्थ्य सचिव की ओर से 100 करोड़ का सैंक्शन लेटर स्वास्थ्य निदेशक को जारी किया गया है। वित्त विभाग से चर्चा के बाद यह पैसा डिमांड नंबर 09, 31 और 32 से जारी हुआ है। अब हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य बीमा योजना समिति के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर इस पैसे को आगे हिमकेयर के लिए जारी करेंगे। इस आर्डर के अनुसार राज्य के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी को 25 करोड़, पीजीआई चंडीगढ़ को 10 करोड़ और टांडा मेडिकल कालेज को 29 करोड रुपए जारी किए गए हैं। यह पैसा जल्द इन अस्पतालों को मिल जाएगा।

## गुस्ताखी माफ




# चुनाव के बाद हिमाचल से कांग्रेस सरकार की बिदाई तय : जयराम ठाकुर

लक्ष्मी दत्त शर्मा/देवभूमि मिरर



रिवालसर। पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने रिवालसर में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा 6 सीटों के उप चुनावों में भाजपा की जीत तय है। इन चुनावों के वाद दिल्ली व हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना निश्चित है। उन्होंने कहा हिमाचल को केंद्र सरकार ने त्रासदी में 1800 करोड़ की राहत प्रदान की है। लेकिन प्रदेश सरकार ने उस पैसे का दुरुपयोग किया है । जरूरतमंद लोगों को राहत के नाम पर फूटी कौड़ी नहीं मिली है। प्रदेश सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा खोले कई सरकारी संस्थानों को बंद विकास की गति को रोका है। प्रदेश की सूक्खु सरकार गत पन्द्रह महीनों में अपनी गारंटियों को पूरा करने में विफल रही है। अब चुनावी बेला पर महिलाओं को 1500 रुपये पेंशन देने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के साथ कांग्रेसी साजिस के तहत उन्हें हिमाचल से बाहर कर रहे है । उन्होंने लोगों से कंगना को भारी बहुमत से की अपील भी की। वहीं अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस ने जिन्हें लोकसभा चुनाव में मंडी से अपना प्रत्याशी बनाया है उनके पास लोकनिर्माण विभाग है।लेकिन त्रासदी के दौरान बंद हुई सड़कों से उनका विभाग मलवा तक नहीं हटा पाया है । उन्होंने कहा कि मंडी से सांसद रही प्रतिभा सिंह पूरे देश भर में ऐसे सांसदों में उनका नाम आता है जो विकास करवाना तो दूर की बात वह अपनी सांसद निधि तक खर्च नही कर पाई है।कंगना ने कहा कि दिल्ली से तो कांग्रेस पूरी तरह खत्म हो चुकी है।मगर हिमाचल में इस कैंसर को खत्म करना है।मोदी के राज में राम राज्य स्थापित हुआ है । इससे पहले कंगना ने पूर्व मुख्यमंत्री संग रिवालसर में रोड़ सो निकालते हुए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ,भाजप जिला अध्यक्ष निहाल सिंह मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र राणा भी उपस्थित रहे।

# अपने पिता स्व. वीरभद्र की प्रतिमा को नहीं दिला पाए 2 गज जमीन, तो मंडी के मुद्दे क्या हल करेंगे विक्रमादित्य : राकेश जमवाल

### विक्रमादित्य ने इस्तीफा क्यों दिया ये सत्ता की ललक या कुछ और जानना चाहती है जनता

देवभूमि मिरर/शिमला



मंडी कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पिछले दिनों जिस सरकार के आज गुणगान गा रहे हैं, उनकी कार्यशैली से नाराज होकर एक समय में इस्तीफा दे दिया था. लेकिन, बाद में आज उसी सरकार के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का दिखावा कर रहे हैं. भाजपा प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि या तो मंत्री जी को सत्ता की इतनी ललक है कि जिस तरह को पलड़ा भारी होता है उस तरफ अपने कदम बढ़ा देते है। उनका व्यवहार बिन पेंदे के लोटे के समान है, जो कभी इधर तो कभी उधर डोलते नजर आते हैं. उन्होंने विक्रमादित्य सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो अपने पिताजी को उनका सम्मान अपनी ही सरकार में नहीं दिला पाए, वो मंडी का अधिकार किस तरह दिला पाने में सक्षम होंगे? इस बारे में मंडी कि जनता परेशान है। बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा प्रदेश की सरकार व कांग्रेस संगठन में समन्वय की कमी है। मुख्यमंत्री हर जनसभा में यह प्रचार कहते जा रहे हैं कि केंद्र से कोई सहायता हिमाचल प्रदेश को नहीं मिली है, लेकिन विक्रमादित्य सिंह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से 3000 करोड़ से अधिक की राशि सिर्फ और सिर्फ सड़कों को मिलने की बात स्वीकार अपने सोशल मीडिया अकाउंट से की है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या सरकार झूठ बोल रही है।भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि आपदा के समय में केंद्र से भरपूर सहायता प्रदेश को मिली है, लेकिन कांगेस हमेशा इससे झूठ बोलकर इनकार करती रही। हिमाचल बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि पहले विक्रमादित्य सिंह ने अपने पिता के अपमान की बात की वे अपने पिता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं करवा सके।उनकी मां और मंडी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद कहती है कि सांसद निधि देकर चुनाव नहीं जीते जाते।अब विक्रमादित्य सिंह कह रहे हैं कि वह मंडी के समस्याओं का समाधान करेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जो शख्स अपने पिता के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं करवा सका, वह आखिर मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता के मुद्दे कैसे उठाएगी। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह को यह स्पष्ट करना चाहिए

# क्या पार्लियामेंटरी बोर्ड ने जयराम को ओपीएस पर फैसला करने को अधिकृत किया : चंद्रशेखर

देवभूमि मिरर/शिमला



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पुरानी पेंशन स्कीम मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर फि ल्मी संगत की रंगत चढ़ गई है और वह तथ्य भी भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल की और हिमाचल प्रदेश अपने मूल स्वरूप में पुरानी पेंशन को बहाल करने वाले देश का पहला राज्य बना। जबकि अब नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कर्मचारियों को गुमराह करने के लिए तथ्यहीन बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रत्याशी कांग्रेस सरकार द्वारा बहाल की गई पुरानी पेंशन स्कीम के वजूद को ही नकार रही हैं और बार-बार यह कह रही हैं कि कांग्रेस ने तो ओपीएस दी ही नहीं। जबकि राज्य सरकार ने मंडी जिला के एक हजार से अधिक रिटायर्ड कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दे दिया है और जिला में काम कर रहे 22 हजार से अधिक कर्मचारियों को ओपीएस के दायरे में लाकर उनका भविष्य सुरक्षित किया है। इसलिए वह अपने तथ्य भी ठीक करें और भाजपा प्रत्याशी का ज्ञानवर्धन भी करें। चंद्रशेखर ने कहा कि जयराम ठाकुर स्पष्ट करें कि क्या भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय नीति में बदलाव करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को देश भर में लागू करने का फैसला कर लिया है। क्या भाजपा पार्लियामेंटरी बोर्ड से जयराम ठाकुर को पुरानी पेंशन पर फैसला करने की शक्ति दे दी है।

# 1500 रुपए पेंशन रुकवाने बार-बार चुनाव आयोग क्यों जा रही भाजपा : जैनब

### भाजपा महिलाओं का सशक्तिकरण बर्दाश्त नहीं कर पा रही

देवभूमि मिरर/शिमला



हिमाचल प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जैनब चंदेल ने भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं का सशक्तिकरण बर्दाश्त नहीं पा रही है, इसलिए महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रदान करने में अड़ंगे लगा रही है और बार-बार चुनाव आयोग के पास जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए पेंशन प्रदान करने के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि आरंभ की है। लेकिन पहले से जारी एक योजना को भाजपा नेता चुनाव आचार संहिता की आड़ में रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ महिला हितैषी होने का ढोंग रचती है, जबकि विपक्षी दल पूरी तरह से महिला शक्ति का विरोधी है। भाजपा चुनावों में वोट लेने के अलावा महिलाओं के लिए कुछ नहीं करती। जैनब चंदेल ने कहा कि भाजपा 1500 रुपये पेंशन रुकवाने का जितना मर्जी विरोध कर ले, लेकिन यह राशि अप्रैल 2024 से महिलाओं को मिलकर रहेगी। लाहौल व स्पीति जिला की लाभार्थी महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन दी जा रही है और प्रदेश के अन्य जिलों की महिलाओं को भी पहली अप्रैल 2024 से इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक में योजना को पूरे प्रदेश में लागू करने के लिए 800 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया है तथा योजना को पहली अप्रैल से लागू करने की अधिसूचना तक जारी हो चुकी है। बावजूद इसके भाजपा बार-बार चुनाव आयोग पहुंचकर योजना पर रोक लगवाने की मांग कर रही है, जो उनके महिला विरोधी होने का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की असलियत हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के सामने आ चुकी है और महिला शक्ति चुनावों में भाजपा को कड़ा सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। जैनब चंदेल ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना महिलाओं के जीवन मे बड़ा परिवर्तन लाएगी। उन्हें 18000 रुपये सालाना मिलेंगे, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी

# महिलाओं सशक्तिकरण के लिए वर्तमान सरकार ने आरंभ की कई योजनाएं : शांडिल

### 1500 पेंशन के साथ-साथ बेटियों को दिया बेटों के बराबर अधिकार

देवभूमि मिरर/शिमला



वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. धनी राम शांडिल ने आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में वर्तमान राज्य सरकार ने अनेकों योजनाएँ आरंभ कर उन्हें धरातल पर उतारा है ताकि उन्हें समाज में सशक्त बनाया जा सके तथा वे अपना सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपना चुनावी वादा निभाते हुए 18 वर्ष से अधिक की आयु की लड़कियों एवं महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना आरम्भ की है जिसके तहत प्रत्येक पात्र को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत फार्म भरने का कार्य शुरू किया गया है तथा महिलाओं को इसका लाभ मिलना आरंभ हो चुका है। भाजपा प्रदेश की महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए बार-बार चुनाव आयोग जा रही है और पेंशन में रोड़े अटका रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2.42 लाख महिलाओं को 1000 या 1150 रुपये मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही थी, जिसे वर्तमान प्रदेश सरकार ने बढ़ाकर 1500 रुपये कर दिया है तथा उन्हें यह राशि मिलना भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली सहायता राशि 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये की। डा. धनी राम शांडिल ने कहा कि पुलिस भर्ती में लड़कियों के लिए आरक्षण को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सीलिंग लैंड होल्डिंग एक्ट, 1972 में परिवार में पुत्र को अलग इकाई माना गया था तथा लड़कियों को अलग इकाई मानने से वंचित रखा गया। परन्तु वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस एक्ट में संशोधन कर बेटियों को अलग इकाई बनाया

# हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी ने छोड़ी पार्टी

**शिमला। लोकसभा** चुनावों से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी और पंजाब कांग्रेस के बड़े नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की कॉपी शेयर करते हुए तेजिंदर सिंह बिट्टू ने कहा कि 35 साल बाद भारी मन से कांग्रेस से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस से इस्तीफा देने के कुछ ही घंटों बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू ने भाजपा का दामन थाम लिया। बिट्टू भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर तेजिंदर बिट्टू ने कहा, ह्लमैंने कांग्रेस पार्टी में लगभग 35 साल बिताए हैं और आज मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता।

# महंगाई लाने वाली सरकार, कांग्रेस सरकार : कश्यप

देवभूमि मिरर/जुब्बल/शिमला



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप जुब्बल पहुंचे जहां उन्होंने 8 कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल के युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है जहां उन्होंने युवाओं के साथ वादा किया था कि वह सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देंगे वहीं उन्होंने एक लाख क्या एक भी नौकरी नहीं दी, यह अपने आप में बहुत बड़ी विडंबना है। कांग्रेस पार्टी ने उल्टा 10000 युवाओं को नौकरी से निकाल दिया, जो कि युवाओं के ऊपर एक बहुत बड़ा प्रहार है , यह वही 10000 युवा हैं जिन्होंने कोविड संकटकाल के समय जनता की सेवा करी थी आज वह सड़कों पर है अपना अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा यह वही कांग्रेस सरकार है जो झूठ बोलकर सत्ता में आई और आते ही उन्होंने जिन-जिन वादों को पूरा करना था, उनके विपरीत काम किया। अगर हिमाचल प्रदेश में किसी ने महंगाई बढ़ने का काम किया तो वह केवल मात्र कांग्रेस है। अभी तक सत्ता में आते ही डीजल पर दो बार वैट बढ़ाने का काम इसी सरकार ने किया डीजल को 17 रु महंगा किया गया, इससे सभी प्रकार की वस्तुएं महंगी हो गई

# पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति से देश को मिला राम मंदिर : राजीव भारद्वाज

देवभूमि मिरर/चंबा/धर्मशाला



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज ने डलहौजी में एक जनसभा में भाग लिया। भारद्वाज ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से और भरपूर प्रेम से हिमाचल में भाजपा चारों की चारों सीटों पर कमल खिलाएगी और देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और यही पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति है जिसके कारण आज देश में राम मंदिर का निर्माण हुआ है, राम मंदिर देशवासियों का सपना था जो आज साकार हुआ है इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं। उन्होंने कहा की पूरे देश में रामनवमी की धूम के बीच बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर में अलौकिक नजारा देखने को मिला, जब अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजे रामलला की मूर्ति के माथे का सूर्य की किरण से अभिषेक किया गया। इस दौरान रामलला के मस्तक पर तीन मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है वो कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज भारत तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल यानी मोदी 3.0 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु अभी से ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है। अगले तीन वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।"

उन्होंने कहा की कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के बाद मोदी जी के 10 वर्षों का यह सुशासन देश के लिए बेहद जरूरी था। कांग्रेस के भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति को मोदी जी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण में परिवर्तित कर दिया है। इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले और हम जोड़ने वाले हैं।"

# गहरी खाई में गिरी कार, उपप्रधान सहित 2 की मौत

सलूणी। सलूणी उपमंडल के चकोली-ढल्ला-लाहरा मार्ग पर ऑल्टो कार के गहरी खाई में गिरने से सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में खडजोता पंचायत का उपप्रधान भी शामिल हैं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल को सिविल अस्पताल किहार में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात लाहरा से ढला की ओर जा रही आल्टो कार लाहरा जीरो प्वाइंट के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। परिणामस्वरूप कार में सवार खडजौता पंचायत के उपप्रधान नागेश वासी गांव सियूल और डिपो होल्डर चतरो राम वासी गांव लाहरा की मौके पर मौत हो गई।

# पालमपुर में दराट से काट डाली कॉलेज की छात्रा




देवभूमि मिरर/पालमपुर

पालमपुर में एक सनसनीखेज मामला सामना आया है। यहां पालमपुर के बस स्टैंड में एक सिरफिरे युवक ने एक कालेज की छात्रा को दराट से काट डाला। बताया जा रहा है कि युवक ने युवती के सिर पर 10 से 12 वार दराट से किए, जिसके बाद युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। यह भी पता चला है कि छात्रा की चार अंगुलियां कट गई हैं। घायल अवस्था में युवती को अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि युवती सुलाह क्षेत्र की रहने वाली है। अब मामला क्या है और युवक ने युवती पर क्यों जानलेवा हमला किया, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

# 4 जून को केंद्र व प्रदेश में बनेगी डबल इंजन सरकार: अनुराग ठाकुर

## सुक्खू सरकार के दिन गिने चुने, देश–प्रदेश में भाजपा की सरकार तय: राजेंद्र राणा



देवभूमि मिरर/हमीरपुर

आज सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान के कला मंच पर महिला सम्मेलन में उमड़ी हजारों महिलाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री तथा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और पूर्व विधायक व सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने मोदी जी के हाथ मजबूत करने और केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए महिला शक्ति से बढ़–चढ़कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 4 जून को जब चुनावी नतीजे आएंगे तो केंद्र में भी तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का परचम लहरा रहा है और भारत विश्व की एक बड़ी महाशक्ति बनने की और अग्रसर है। मोदी सरकार ने गरीब आम आदमी के उत्थान के लिए जो योजनाएं शुरू की है, उनका हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के हाथ मजबूत करने का आह्वान किय और कहा कि उनके पार्टी में आने से भाजपा मंडल सुजानपुर भी मजबूत हुआ है और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र भी मजबूत होगा क्योंकि डबल इंजन सरकार में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक व उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को इस संस्थीय क्षेत्र से भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया और कहा कि अनुराग ठाकुर पांचवीं बार लोकसभा में पहुंचेंगे और उनकी जीत का आंकड़ा 5 लाख से ऊपर हमें लेकर जाना है। उन्होंने कहा अनुराग ठाकुर को वोट देकर हम तीसरी बार मोदी जी को केंद्र में प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं जबकि सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करके हम प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे और सुजानपुर को विकास के मोर्चे पर अग्रिम कतार में खड़ा करेंगे। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में चुने हुए विधायकों को जलील करने वाली और जनता के हितों से विश्वास घात करने वाली सुक्खू सरकार के दिन आप गिने चुने रह गए हैं।

# निजी स्कूलों के 40 बच्चों ने स्कूल छोड़ टौणी देवी सरकारी स्कूल में लिया दाखिला

रजनीश शर्मा/देवभूमि मिरर


हमीरपुर। निजी स्कूलों को अलविदा कह अब तक 40 विद्यार्थी स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ( उत्कृष्ट) टौणी देवी में दाखिला ले चुके हैं। सरकारी स्कूलों के प्रति बच्चों का बढ़ता रुझान एक सुखद कल्पना को साकार करता नजर आ रहा है। ऐसा प्रिंसिपल रजनीश रांगड़ा के कुशल और जुझारू नेतृत्व तथा अपने बेहतरीन परिणामों एवं बच्चों के सवार्गीण विकास पर काम करते हुए संभव हो पाया है। यहां बच्चों की पढ़ाई का स्तर, उनके पढ़ाई के लिए व्यवस्थाएं किसी उच्च कोटि के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय से कम नहीं हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि सरकारी शिक्षकों के बच्चों के उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश से जहाँ स्थानीय लोगों को प्राइवेट स्कूल का विकल्प मिला है वहीं जनमानस में भी सरकारी शिक्षा के प्रति भरोसा बढ़ा है । उन्होंने बताया कि विद्यालय में



योग्य व अनुभवी शिक्षकों की टीम है जो उच्च गुणवत्ता वाली नई शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षा बच्चों को प्रदान कर रही है और यही कारण है कि छठी से +2 तक अब तक 230 बच्चे पाठशाला में प्रवेश ले चुके हैं जिसमें से निजी पाठशालाओं से प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या 40 है उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक ऐसी पाठशाला का चयन करें जहाँ बच्चों का पढाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से उनका सवार्गीण विकास हो ताकि वे अपनी जिन्दगी में एक ऊँचा मुकाम हासिल करें।

# भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को

### नालटी स्कूल के बच्चों ने पोस्ट कार्ड भेजकर की मतदान की अपील




देवभूमि मिरर/हमीरपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान की प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन में भारत निर्वाचन आयोग के जागरुकता कार्यक्रम स्वीप यानि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से आम मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया जा रहा है तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नालटी के मतदाता जागरुकता क्लब के विद्यार्थियों ने क्षेत्र के मतदाताओं को लगभग 200 पोस्ट कार्ड भेजकर एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। इन पोस्ट कार्ड्स पर विद्यार्थियों ने बहुत ही आकर्षक संदेश लिखकर मतदाताओं से मतदान का आह्वान किया है। विद्यार्थियों द्वारा लिखा गया संदेश ह्यभेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 01 जून को भूल न जाना, वोट डालने आने कोह्ल, क्षेत्र के मतदाताओं को काफी पसंद आ रहा है और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प ले रहे हैं। खंड विकास अधिकारी एवं 38-हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की स्वीप नोडल अधिकारी हिमांशी शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में मतदान की प्रतिशतता बढ़ाने तथा आम मतदाताओं को जागरुक करने के लिए स्वीप के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# 14 माह में सुक्खू सरकार का गुणगान करने वाले बागियों का असली चेहरा जनता के सामने

देवभूमि मिरर/बंगाणा

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में डेढ़ वर्ष पूर्व कुटलैहड़ की जनता ने जिन्हे भरपूर आशीर्वाद से जिताकर विधानसभा भेजा। और 14 माह में प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय सुखबिंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से कुटलैहड़ के बहुचर्चित लाठियानी मंदली पुल के लिए 922 करोड़ ,गोबिंद सागर झील के बोटर सपोर्ट के लिए दस करोड़ और राज्य में आपदा आने पर कुटलैहड़ की जनता को सात करोड़ स्वीकृत किए है। लेकिन फिर भी सरकार से बागी होकर कुटलैहड़ के पूर्व विधायक ने कुटलैहड़ की जनता



का विश्वास खोया है। और अब कुटलैहड़ की जनता पूर्व विधायक के साथ पूरा हिसाब करने के लिए उत्सुक है। बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार स्थिर है। और पूरे पांच वर्ष चलेगी। विक्कू ने कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर किस गणित से राज्य में भाजपा सरकार बनेगी। जिस भाजपा पार्टी से कुटलैहड़ के पूर्व विधायक प्रत्याशी बने है। उनके पास केवल 25 विधायक है।

# बसपा ने चारों लोकसभा सीटों पर उतारे प्रत्याशी

ऊना। बहुजन समाज पार्टी ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। बसपा के प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह आजाद ने बताया कि कांगड़ा संसदीय सीट से रेखा रानी चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। मंडी सीट से प्रकाश चंद भारद्वाज, हमीरपुर से हेमराज व शिमला संसदीय क्षेत्र से अधिवक्ता अनिल कुमार मंगेट को बहुजन समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह आजाद ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आदेशानुसार हिमाचल प्रदेश की सभी चारों सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। बता दें कि पिछले रोज बसपा कार्यालय के प्रदेश कार्यालय ऊना में प्रत्याशियों के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया

# जिला शिक्षा उपनिदेशक निरीक्षण कर स्कूलों के रिकार्ड को जांचा

नरेश सिंघा/देवभूमि मिरर

**ऊना।** राजकीय उच्च विद्यालय एवम प्राइमरी स्कूल गुरपलाह में शनिवार को निरीक्षण विंग के जिला शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल ने अपनी टीम सहित वार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल के साथ टीम में शामिल मुख्य अध्यापक विजय सिंह राणा एवम वीईईओ जोगिंद्र पाल मौजूद रहे। इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान टीम ने उच्च ओर प्राइमरी दोनो स्कूलों के रिकार्ड को जांचा। टीम ने सबसे पहले स्कूल में पहुंचते ही स्कूल की मॉर्निंग असेंबली को चैक किया। इस दौरान शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र




कौशल ने विद्यार्थियो को जीवन में सफलता की ओर बढ़ने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस मौके पर टीम ने आर.एम.एस. ए.,मिड डे मील,टीचर डायरी, लाइब्रेरी रिकार्ड, इको क्लब टीम द्वारा स्कूल में लगाए गए पौधे,विद्यार्थियो को पीने के पानी की सुविधा,फंड रजिस्टर,यौन उत्पीड़न समिति रिकॉर्ड,विद्यार्थियो का लर्निंग लेवल, कक्षाओ में लर्निंग आउटकम्स,बोर्ड सहित सभी कक्षाओ के परीक्षा परिणाम,स्कूल अध्यापक अटेंडेंस रजिस्टर,विद्यार्थी अटेंडेंस रजिस्टर,स्कूल टाइम टेबल सहित स्कूल की अन्य गतिविधियों की जांच की। इस मौके पर जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजिंदर कौशल ने कहा कि कक्षा में विद्यार्थियो का शिक्षा का स्तर अच्छा पाया गया है और उसको ओर ज्यादा बढ़िया करने के लिए उन्होंने शिक्षको को प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थियो के लिए अध्यापक और अभिभावक मिलकर प्रयास करेंगे तो विद्यार्थी अपने जीवन में बहुत आगे बढ़ सके है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में सुखप्रीत व महेंद्र कौर प्रथम

ऊना। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहलां में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर विंग से सुखप्रीत, मनप्रीत, आयुषी और जूनियर विंग से महेंद्र कौर, सुहानीं, सार्थक बशिष्ठ ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। नोडल ऑफिसर विजय भारद्वाज ने चुनावी पाठशाला के इन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया,

# एसएसआरवीएम स्कूल में इन्वेस्टर सेरेमनी

देवभूमि मिरर/ऊना

एसएसआरवीएम विद्यालय के प्रांगण में इन्वेस्टर सेरेमनी का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में प्रारंभिक शिक्षा के उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि तथा एसएचओ ऊना मनोज वालिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ भारतीय संस्कृति के अनुसार मां सरस्वती की वंदना व ज्योति प्रज्वलित करके किया गया। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्य भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी व छात्रों ने स्वागत समूह गायन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान हेड गर्ल जानवी और हेड ब्वॉय तनिश को मनोनीत किया गया। यूनियर हेड बॉय प्रणव और यूनियर हेड गर्ल मन्नत बनाया



गया है। स्पोर्ट्स कप्तान आदित्य और उपकप्तान प्रिया, सांस्कृतिक कप्तान खुशी और उपकप्तान तन्वी, असेंबली हेड माधव, डेली अनुशासन कप्तान बनाए गए। विद्यार्थियों को चार सदनों में विभाजित किया गया। प्रथम सदन लॉर्ड शिवा के कप्तान हर्ष सैनी और उप-कप्तान शीतल, द्वितीय सदन मां दुर्गा के कप्तान साकेत और उप-कप्तान महक, तृतीय सदन लॉर्ड कृष्णा के कप्तान अक्षित और उप-कप्तान सिमरन, चौथे सदन मां लक्ष्मी सदन के कप्तान देवांश और उप कप्तान सिमरजीत आदि सभी को निर्वाचित किया गया है। सदर थाना ऊना के एसएचओ मनोज वालिया ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया।

# कांग्रेस तथा उनके नेताओं का ग्राफ दिन-प्रतिदिन नीचे गिरता जा रहा: सत्ती

अंजना बैंस/देवभूमि मिरर

**ऊना।** पूरे देश में आज कांग्रेस पार्टी डूबता हुआ जहाज के रूप में जानी जा रही है वर्तमान में कांग्रेस के 40 एमपी आ जाएं उसके लिए संघर्ष कर रही है यह बात भाजपा विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने ऊना में पत्रकार वार्ता में कही और उन्होंने कहा कि डूबता हुआ जहाज कांग्रेस को छोड़कर कई बड़े नेता भाजपा में ज्वाइन हो रहे है उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा उनके नेताओं के ग्राफ दिन प्रतिदिन नीचे गिरता जा रहा है जिसके चलते चार एमपी की सीटों पर कोई ऐसा कैंडिडेट नहीं मिला जो एमपी के रूप में अपना करियर शुरू कर सके। कांग्रेस ने दो एमपी की सीटे घोषित की है उसमें एक मंडी तथा दूसरा शिमला भी है वह विधायक है और दो सीटों पर जिनका नाम टिकट की दावेदारी में आ रहा है वह व्यक्ति भी सीटे छोड़कर बयान देकर भाग




रहे हैं। सतपाल सती ने कहा कि कांगड़ा से एमपी के चुनाव के लिए जिसका नाम हाई कमान के पास कांग्रेस ने भेजा है रघुवीर सिंह बाली ने कहा कि मेरे नाम की चर्चा तो हो रही है पर लेकिन मेरे से पूछा नहीं जा रहा है उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी बयान दे रहे हैं कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे लेकिन कांग्रेस हाई कमान द्वारा उनको लोकसभा चुनाव में उतारा जा सकता है इसे पता चलता है कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते उनको जबरदस्ती टिकट दिया गया है ऐसे हाल कांग्रेस के हैं और उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है फाइनल होने के बाद अभी दो लोकसभा की टिकट फाइनल होना शेष है लेकिन एमपी का चुनाव लड़ने से पहले पैसों की वसूली के लिए मीटिंग की जा रही है इससे पता चलता है कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और शिमला में भ्रष्टाचार जमकर हो रहा है।

# हमने जो किया सनातन धर्म को साक्षी मानकर सच्चे मन से किया, मन में कोई दुख नहीं: देवेंद्र कुमार भुट्टो

अंजना बैंस/देवभूमि मिरर

**ऊना।** "कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता को 44 वर्ष पूर्व ज्ञात हो गया था। कि कुटलैहड़ में कौन नेता गद्दार है। और कौन ईमानदार है। तभी बार बार कुटलैहड़ की जनता के नकारने के बाद एक मौका और मांग रहे हैं। हमें राजनीति में अभद्र भाषा नहीं आती है। लेकिन अगर उक्त नेता बार बार गंदी और अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बाज नहीं आए तो फिर अपनी हकीकत सुनने के लिए तैयार रहे।" यह शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवम पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ जन संपर्क अभियान में कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जब कुटलैहड़ की जनता ने हमें विधायक चुन लिया था। तो हमारा दायित्व था। कि हम कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं का समाधान करवाते। लेकिन 14 माह के कार्यकाल में उक्त नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री के कानो में हमारे खिलाफ जहर भरा गया। और हमारे हर कार्य को रोका गया। और हमने इसलिए ही कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच इतनी गिर चुकी है। कि आज जिस भी बड़े नेता को कांग्रेस पार्टी कोई दायित्व दे रही है। वही नेता कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो रहा है। और



ऐसा ही हिमाचल कांग्रेस के सह और प्रभारी ने भी किया है। भुट्टो ने कहा कि देश हो या फिर प्रदेश कांग्रेस पार्टी का कहीं कोई बाजूद नहीं है। और न ही कोई बिजन और न ही कोई नीति है। आज देश से कांग्रेस पार्टी लुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है। क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ नेता चाटुकार बने है। और बही कांग्रेस को देश से लुप्त करने में लगे हुए है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 1996 से लगातार हमारा जनता से सीधा नाता बना हुआ है। और हमारी कार्यशैली को जनता भली प्रकार से जानती है। हमें कुटलैहड़ की जनता को जो सष्टिकरण देना था। हमने से दिया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राम मय और मोदी मय हो चुका है। और श्री राम मंदिर निर्माण और प्रभु श्री जी की प्राण प्रतिष्ठा पर कांग्रेस पार्टी का बड़े धार्मिक कार्यक्रम में न जाना और हर कांग्रेस नेताओ को रोकना अब कांग्रेस के लिए गले को फांस बन चुका है। और जो पार्टी प्रभु श्री राम जी को काल्पनिक कह कर माननीय कोर्ट में हलफनामा दायर करती रही थी। आज उस कांग्रेस पार्टी को प्रभु श्री राम जी ही लुप्त होने का आशीर्वाद दे रहे है। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ की जनता की सेवा करना है।

# विस क्षेत्रों में 25 अप्रैल से शुरू होगी रिहर्सल

देवभूमि मिरर/ऊना

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी रूम में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने रेंडमाइजेशन की अध्यक्षता करते हुए जानकारी दी कि चुनाव को लेकर तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी रेंडमाइजेशन16 मई को होगी। जिलाधीश जतिन लाल ने बताया कि जिला के कुल 516 मतदान केंद्रों में नियुक्त किए पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 3112 मतदान कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में फीड डाटा के अुनसार डीआईएसई नेक्सट जेन सॉफ्टवेयर पर मिलान व शॉर्टलिस्ट करके उसे लॉक कर दिया है। इस संबंध में मतदान कर्मियों की चुनावी ड्यूटी को लेकर होनी वाली रिहर्सलों के लिए आदेश जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आदेश जारी होने के उपरांत सभी विभागअध्यक्ष उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए। चुनावी कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में तैनात पीआरओ, एपीआरओ व पीओ के लिए प्रथम व द्वितीय रिहर्सल शेडयूल जारी कर दिया गया है।

## न्यूज एक्सप्रेस

### मतदाता रैली निकाल लोगों को किया जागरूकता

नरेश सिंघा/देवभूमि मिरर



ऊना। हरोली के शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठारबीत के विद्यार्थियों के द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ताकि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लें । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चंदेल तथा मुख्य अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुठारबीत एवं बीएलओ रुपेश कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।

### चडतगढ़ स्कूल में विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया प्रेरित

ऊना। लोकसभा चुनावों में 100 फीसदी भागीदारी सुनिशिचित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न जगहों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चड़तगढ़ में प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण देव शर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपना कीमती वोट डालकर एक जिम्मेवार नागरिक बनने का संदेश दिया। स्वीप के तहत स्कूल की नोडल अधिकारी शालिनी गुप्ता ने भी सभी को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अपील की कि ऊंगली पर लगी स्याही सिर्फ निशान ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पहचान है। इसलिए मतदान के लिए अपना कीमती वोट डालकर एक जिम्मेवार नागरिक होने का परिचय दें।

### रामपुर में सट्टा लगाते एक काबू

ऊना। सदर थाना के तहत रामपुर में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के पास से नगदी भी बरामद की है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम शुक्रवार रात्रि रामपुर चौक में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने कर्ण निवासी बनगढ़ को सट्टा लगाते हुए काबू किया। साथ ही उसके कब्जे से 1110 रुपये की नगदी बरामद की है। मामले की पुष्टि एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने की है।

### टकोली और बेरियां में हर घर दस्तक अभियान का हुआ शुभारंभ

ऊना। बंगाणा ब्लॉक को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब हर घर में दस्तक दे रहा है। शनिवार को सीडीपीओ बंगाणा रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत टकोली व बैरियां में हर घर दस्तक अभियान को आगे बढ़ाने और जिलाधीश जतिन लाल का संदेश पत्र घर घर में हर जन तक पहुंचाने का आगाज हुआ। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सभी पंचायत टास्क फोर्स के साथ मिलकर इस अभियान पर काम करेंगे। आने वाले समय में हर पंचायत में प्रशासन के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हर घर व हर गांव में हर जन को इस अभियान के बारे में सारी जानकारी दी जाएगी। इस अभियान को तभी सफल बनाया जा सकता है, अगर समाज का हर एक व्यक्ति इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि अगर आपके आस पास कोई नशा करता है या नशा बेचता है, तो ऐसे लोगो की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाए, ताकि युवाओं की नशे के जाल में फंसने से बचाया जा सके। इस मौके पर नशा मुक्त ऊना अभियान के मुख्य समन्वयक सतपाल रणावत ने पंचायत टास्क फोर्स के मेम्बर से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक मधु सुमन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लाठियाणी और दोबड़ रंगोली बनाकर मतदान का दिया संदेश

ऊना। मतदाता सहभागिता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से विकास खंड बंगाणा के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने में जुटे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बंगाणा की ग्राम पंचायत लाठियानी और दोबड में स्वीप गतिविधियां आयोजित करके लोगों को स्वयं सहायता समूहों ने रंगोली बनाकर जागरूकता संदेश दिया। विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री ने बताया कि वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत होता है तथा सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है। सभी नागरिक अपने वोट के महत्व को समझें और अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि 85 से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने के लिए फॉर्म 12डी की सुविधा उपलब्ध है। पोलिंग स्टेशन पर भी इन व्यक्तियों के लिए रैंप, व्हीलचेयर व वॉलंटियर्स की विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### कुठारबीत के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

ऊना। शहीद मनोहर लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठारबीत के विद्यार्थियों द्वारा शनिवार गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकली गई तथा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ताकि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लें । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चंदेल तथा मुख्य अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कुठारबीत एवं बीएलओ रुपेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप से विधि प्रथम

ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में शनिवार को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने क्ले मॉडलिंग, कक्षा तीसरी और चौथी के बच्चों ने कोलाज मेकिंग तथा कक्षा पांचवी से दसवीं तक के बच्चों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप मे कक्षा प्रथम से विधि प्रथम, विवान व अलीशा द्वितीय तथा करणवीर व रियांश सहजपाल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से आयुष व दिवांशी वशिष्ट प्रथम, नवराज, रिद्धि व कृषिका खन्ना द्वितीय तथा कनिष्क ठाकुर, अभिनव दत्त व परीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप में से यशिका प्रथम, धवनप्रीत व यक्ष बस्सी द्वितीय तथा कायरा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से मुकुंद भारद्वाज प्रथम, आरवी शर्मा व रूहानी कौशल द्वितीय तथा आयुष सिंह व श्रेष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से अनाया चब्बा व आशना प्रथम, अश्मित द्वितीय तथा गौरांगी व लक्ष तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से सुहाना प्रथम, मन्नत शर्मा द्वितीय तथा अंशिका धीमान व कनिष्का तृतीय स्थान पर रहे। मैलन ग्रुप से शीतल प्रथम, पीयूष व इशिका द्वितीय तथा नीतू राणा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आती है।

### 22 को बंद रहेगी बिजली

ऊना। विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के अंतर्गत आते विद्युत लाईनों के उचित रखरखाव के कारण 22 अप्रैल को बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के सहायक अभियंता ई. दिनेश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को नंगल कलां, टाहलीवाल, मानुवाल, बट्ट कलां, ललड़ी, पालकवाह, कुंगडत, हीरां, धुग्गे, नंगल खुर्द, चांदपुर, कर्मपुर, भदौड़ी व अद्यौगिक क्षेत्र टाहलीवाल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक कंचन शर्मा द्वारा डी बी कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नजदीक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, जीटी रोड, सरहिंद, जिला फतेहगढ़ साहिब ( पंजाब ) पिन कोड 140406 से मुद्रित एवं हाउस नंबर 115, वार्ड नंबर. 4, शिव नगर, एम.सी. एरिया, तहसील व जिला हमीरपुर ( हिमाचल प्रदेश ), पिन कोड-177001 से प्रकाशित।
संपादक सुरेंद्र भवानी। संपर्क: 94181-42786
ई-मेल- devbhumimirror@gmail.com
RNI Title Code HPBIL00323
नोट: सभी विवादों का न्यायक्षेत्र हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश होगा।

# अध्यात्म को व्यवहारिक रूप दे रहा है निरंकारी मिशन: एचएस चावला

## देवीदेहरा में निरंकारी समागम आयोजित





सुरेंद्र भवानी/देवभूमि मिरर

**डलहौजी। जालापा** माता मंदिर परिसर देवीदेहरा में आज शनिवार को निरंकारी संत समागम आयोजित किया जिसमें निरंकारी मिशन के राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार विभाग के प्रभारी सदस्य एचएस चावला ने संगत को प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन अध्यात्म को व्यवहारिक रूप दे रहा है। मिशन देश-विदेश के कौने-कौने में यह संदेश दे रहा है कि एक को जानों, एक को मानो और एक हो जाओ। उन्होंने कहा कि जिस इंसान को परमात्मा ने बनाया उसमें परमात्मा को जानने की जिज्ञासा नहीं है। निरंकारी मिशन न केवल जिज्ञासुओं को परमात्मा का बोध करवा रहा है बल्कि समाज के हर वर्ग, हर धर्म-मजहब में परमात्मा को जानने की चेतना जागृत करने के प्रयास सर रहा है। उन्होंने कहा कि संसारिक संगठन अपनी मांगों को पूरा करने के लिए विभिन्न मंचों पर कैंडल मार्च कर रहे हैं जबकि निरंकारी मिशन आपकी मांगें पूरी करने के लिए कैंडल मार्च कर रहा है जो कहता है कि सब का भला करो भगवान। जिस भगवान की आप जाने-अनजाने भक्ति कर रहे हो, पहले उसे जान तो लो फिर भक्ति करो। उन्होंने कहा कि अपने व्यापार में अगर किसी को भागीदार बनाना चाहते हैं तो परमात्मा को भागीदार बनाओ जो कभी भी आपको डूबने नहीं देगा और न ही कभी धोखा देगा। हमारे कई रिश्तेदार होते हैं मगर वास्तव में उनमें से कोई हमारा सगा नहीं होता। जो हर क्षण हमारे अंग-संग है वही हमारा अपना है अर्थात वही हमारा सगा है। श्री चावला ने कहा कि जिन्होंने ईश्वर को याद नहीं रखा अर्थात ईश्वर की अनुभूति नहीं की, वह संसार से खाली हाथ चले गए। माया मरी न मन मरा, मर मर गए शरीर, आशा तृष्णा न मुझे कह गए संत कबीर। इससे पहले मिशन के क्षेत्रीय संचालक तिलक राज डोगरा, जिला प्रमुख दुनी चंद सहित अन्य कई अनुयाइयों ने भजन-प्रवचन के माध्यम से ईश्वर का गुणगान करते हुए मानव योनी में परमात्मा को जानने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं डलहौजी इकाई के संयोजक एचएस गुरेलिया ने समागम के सफल आयोजन के लिए तमाम सहभागियों का आभार व्यक्त किया। समागम में निकंरारी मिशन की जिला चंबा की 13 इकाईयों ने भाग लिया।

# भाजपा में वन मैन रूल, बाकी सब कठपुतलियां : प्रेम कौशल

देवभूमि मिरर/हमीरपुर



हिमाचल कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा को घेरते हुए कहा है कि यहां सिर्फ वन मैन रूल है बाकी सब कठपुतलियां हैं। प्रेम कौशल ने शनिवार को हमीरपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस लोकसभा की चारों सीटों के साथ साथ विधानसभा उपचुनावों की सभी छः सीटों को भी जीतेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के अंदर एक वोट पीएम और एक वोट सीएम का कोई नारा नहीं चल रहा, यह मिडिया की उपज है जबकि दोनों वोट कांग्रेस उम्मीदवारों को ही जायेंगे। उन्होंने उन बागी कांग्रेसी पूर्व विधायकों से पूछा कि अब भाजपा में एंट्री करने के बाद उनका ओपीएस को लेकर क्या रुख है। कांग्रेस में रहते ये पूर्व विधायक सीएम को चिठ्ठियां लिख सोशल मिडिया पर वायरल करते रहे हैं। प्रेम कौशल ने पूछा कि क्या अब भी वे भाजपा कार्यकर्ता या भाजपा नेता के रूप में जन समस्याओं को पीएम नरेंद्र मोदी को चिठ्ठी लिख सोशल मीडिया पर वायरल करने का साहस रखते हैं। कौशल के अनुसार यह सब सीएम को कमजोर करने का एक राजनीतिक षड्यंत्र मात्र था। उन्होंने पूर्व सीएम जय राम ठाकुर के कार्यकाल में हुए पुलिस भर्ती, पटवारी भर्ती तथा अन्य पेपर लीक मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा और बागी भी इन्ही मुद्दों को लेकर कांग्रेस टिकट पर चुनाव लडे और जीते थे। क्या अब भी वे इन मुद्दों पर कायम हैं। बागियों के भाजपा में जाने को लेकर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि स्थापित लीडरशिप को ध्वस्त करने के षड्यंत्र का पदार्फाश हो चुका है और आने वाले समय में बागियों बागियों के हिस्से पश्चाताप के अलावा कुछ नहीं आएगा

# रिवालसर में कंगना का रोड़ शो फलाफ: संजीब गुलेरिया

लक्ष्मी दत्त शर्मा/देवभूमि मिरर



रिवालसर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजीब गुलेरिया ने रिवालसर में भाजपा प्रत्यासी कंगना रनौत व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा निकाले रोड़ शो को फलाफ करार दिया है। तथा कहा उनके रोड़ में लोगों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। उनकी जनसभा में 80 से 100 लोगों ने ही हाजरी भरी उनमें से अधिकतर उनके काफिले के लोग ही थे। संजीब गुलेरिया ने कहा है भाजपा प्रत्यासी अपने नेताओं व कार्यकताओं तक नहीं पहचानती वह मंडी क्षेत्र की आम जनता को क्या पहचानेगी। उन्हों कहा है कि सुरक्षा घेरे में घिरी होने के कारण उनसे मिलना तो दूर लोग उनको हार पहनाने से महरूम है। चुनावी बेला पर रिस्तेदारी गिनाने व मंडयाली बोलने से लोगों का दिल नहीं जीता जा सकता है। लोगों के दिलों से जुड़ना जरूरी है। संजीब गुलेरिया ने कहा कि कंगना तूफान की तरह आई है और अंधी की तरह बैरंग मुंबई क्ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जयराज ठाकुर की मजबूरी है कि उन्हें मंडी के भाजपा नेताओं से परिचय करवाना पड़ रहा है। लेकिन जब तक कार्यकताओं से परिचय होगा चुनाव के परिणाम भी आ जायेंगें।

# प्रदेश में पहली बार हुआ कजाक कुरेस खेल का आयोजन

ऊना। हिमाचल प्रदेश में पहली बार विदेशी खेल कजाक कुरेस को लेकर पहले इवेंट और परिचायक कार्यशाला का आयोजन ऊना के इंदिरा गांधी खेल परिसर के इनडोर स्टेडियम में हुआ। इस मौके पर इस खेल के एशियाई तकनीकी प्रमुख प्रवीण त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने इस खेल से जुडने वाले सभी खिलाडियों और प्रशिक्षकों के साथ मुलाकात करते हुए न केवल खेल की बारीकियां के बारे बातचीत की अपितु उन्होंने इस खेल को खिलाडियों के सुनहरे भविष्य के लिए शानदार अवसर भी करार दिया। परवीन त्यागी ने कहा कि यह खेल करीब 2000 साल पुराना है। हालांकि भारत में इसे हाल ही में लॉन्च किया है। वह खुद वर्ष 2016 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहित 24 प्रदेश इस खेल को अपना चुके हैं

# कुटलैहड़ में चुनावी वेला पर बार बार एक ही परिवार पर ट्रायल करना समझ से परे, कांग्रेस हाई कमान को करवाया अवगतः देसराज गौतम

देवभूमि मिरर/बंगाणा



कुटलैहड़ विस क्षेत्र में मुझे 2003 में युवा कांग्रेस के नाते टिकट देने के लिए कहा लेकिन बाद में टिकट किसी और को से दिया। उसके बाद हर बार यानी 2007,12,17,22 में हमें केवल आश्वासन ही मिला। मैं बीते 24 वर्षो से लगातार पार्टी की सेवा में समर्पित रहा हूं और कुटलैहड़ में कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया है। लेकिन कांग्रेस हाई कमान बार बार एक ही परिवार पर ट्रायल करके कुटलैहड़ में कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल को तोड़ रही है। यह शब्द कुटलैहड़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवम उत्तरी भारत के पूर्व खादी ग्रामोद्योग के चेयरमैन देसराज गौतम ने बंगाणा में मीडिया से कहे। गौतम ने कहा कि जब एक परिवार को जनता नकार दे। तो बार बार उस परिवार पर ट्रायल हाई कमान को नहीं करना चाहिए। गौतम ने कहा कि मुझे भी कुटलैहड़ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया और मैने हिमाचल प्रदेश के छ बार मुख्यमंत्री रहे स्व राजा वीरभद्र सिंह के आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस क्षेत्र में दर्जनों कार्य करवाए। मुझे कांग्रेस पार्टी की सेवा करते 24 वर्ष हो गए है। और हम कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही है और अब कुटलैहड़ में कांग्रेस कार्यकर्ता जो पार्टी के सिपाही है। उनके कहने पर ही हमने दिल्ली में पार्टी हाई कमान से मुलाकात करके कुटलैहड़ के उपचुनाव में टिकाऊ और जिताऊ उम्मीदवार देने की वकालत की है। गौतम ने कहा कि मुझे कुटलैहड़ की हर पंचायत हर घर और हर परिवार तक हमने सीधा संपर्क बनाया है और लगातार राज्य सरकार के डेढ़ वर्ष की योजनाओं को घर घर पहुंचाने और सुक्खू सरकार की पांच गारंटियों को जनता को जागरूक कर रहे है। गौतम ने कहा कि टिकट मांगना हर कार्यकर्ता का हक है। और हो सकता है। कि हमारे से बेहतर कुटलैहड़ में और कई नेता हों। लेकिन कुटलैहड़ के उपचुनाव में टिकट उसे ही मिलना चाहिए। जो जीतने की क्षमता रखता हो और जिस पर कोई एलिकेशन न हो, साफ सुथरा और ईमानदार एवम कर्मठ उम्मीदवार ही कुटलैहड़ से जीत हासिल कर सकता है। गौतम ने कहा कि समूर रैली में मुख्यमंत्री एवम उपमुख्यमंत्री महोदय ने कैसे कुटलैहड़ के टिकट पर नाम लिया है। यह हम नहीं जानते हैं लेकिन अगर सर्वे की बात की जाए। तो कुटलैहड़ में 85000 बोटर है और केवल एक हजार मत दाताओं के कहने या पूछने पर सर्वे में हो सकता है।

# प्रवासी श्रमिकों का वास्तविक डाटा करें एकत्रित



देवभूमि मिरर/हमीरपुर

सर्वोच्च न्यायालय ने असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। जिला हमीरपुर में भी राशन कार्ड से छूटे ऐसे श्रमिकों की पहचान करके उन्हें राशन कार्ड प्रदान किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना के लिए एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करने हेतु उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शनिवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, शहरी विकास विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों का वास्तविक डाटा एकत्रित करें, ताकि राशन कार्ड से छूटे श्रमिकों की पहचान की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ऐसे श्रमिकों के राशन कार्ड पंचायतों के माध्यम से बनाए जाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों के श्रमिकों के कार्ड स्वयं खाद्य आपूर्ति विभाग बनाएगा। अमरजीत सिंह ने कहा कि इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रवासी श्रमिकों का डाटा साझा करें। इसमें पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी बहुत जरूरी है।

# उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास सोहरी के घराना में कर रहे अमृत वर्षा

देवभूमि मिरर/बंगाणा



उपमंडल बंगाणा के सोहरी के गांव घराना में मैहता परिवार द्वारा श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। और उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डा सुमन शर्मा अमृत वर्षा कर रहे है। वीरवार देर शाम कलश यात्रा निकाली गई। और शुक्रवार को कथा व्यास डा सुमन शर्मा ने श्री मद भागवत कथा का रसपान करवाया। कथा व्यास ने कहा कि श्री मद भागवत कथा को सुनने मात्र से हमारे पापों का नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्री मद भागवत कथा को मन के भाव से सुनना चाहिए। ताकि कथा का एक एक शब्द मनुष्य की जीवन की तस्वीर को बदल दें। उन्होंने कहा कि श्री मद भागवत कथा सुनने और करवाने का एक विधान है। और विधान के साथ सुनी गई कथा मनुष्य को भाव सागर पार लगाती है। ज्ञात रहे प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डा सुमन शर्मा उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास है। और हर जहर चाहे बृंदावन हो। या कोई अन्य बड़ा धार्मिक स्थल। हर जगह ठाकुर जी की महिमा का गुणगान कर चुके है। बही उपमंडल बंगाणा के बंगाणा,हटकी मलांगड़ लाठियानी सोहरी आदि दर्जनों पंचायतों में प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डा सुमन शर्मा जी द्वारा श्री मद भागवत श्री राम कथा एवम अन्य धार्मिक ग्रंथों पर कथाएं करते आ रहे है।

# कुटलैहड़ भाजपा मंडल की बैठक आज, सत्ती रहेंगे मौजूद

ऊना। कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने कहा कि 21 अप्रैल को भाजपा मंडल कुटलैहड़ की अहम बैठक बंगाणा में सुबह 11 बजे सुनिश्चित की गई है। बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती व सह-प्रभारी संजीव कटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भी बैठक में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी मंडल पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# नुरपुर फोरलेन निर्माण के कार्य को लेकर कंडवाल से जसूर तक लोगों में भारी रोष

देवभूमि मिरर/नूरपुर



नुरपुर फोरलेन निर्माण के कार्य को लेकर कंडवाल से जसूर तक लोगों में भारी रोष पनप रहा है। इस मामले में कारोबारी भी परेशान इसलिए है कि आथरटी के नियमों को ताक धाक में रखकर जो कम्पनी यहां पर काफी समय से काम कर रही है उससे कारोबारियो के कारोबार व जनता की लोकप्रियता में काफी गिरावट देखने को मिली है।इस मामले में पीड़ित व्यापारीवर्ग व सर्वदलीय संस्थाओं की आज एक संयुक्त बैठक यहां पर सम्पन्न हुई। इस वैठक में यह फैसला लिया गया कि अगर कम्पनी ने अपना रवैया जन हित में नहीं वदला तव कम्पनी के कार्यालय व प्रशासन के समक्ष धरना प्रदर्शन करने को मजवूर हो जायेंगे। मौजूदा सवदलीय हजूम का कहना है कि फोरलेन कम्पनी समय पर इस सड़क का काम पूरा नहीं कर सकी। अगर मौसम सूखा है तव जसूर में दुकानदारों व जनता को धूल मिट्टी का दिन रात सामना करना पड़ता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यहां पर आने वाले हर नागरिक को जव इस क्षेत्र से गुजरना पड़ता है तव भयंकर वीमारीयो का सामना करना पड़ रहा है। उधर वारिस में मिट्टी का गीला हो जाना भी लोगों के लिए जटिल समस्या वन जाती हैं क्योंकि निमार्णाधीन सड़क पर कीचड होने के कारण अनेकों वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैंजव तक कीचड़ काफी दिनों तक सूखता नहीं है। यह समस्या तव तक वनी रहती हैं जव तक मौसम साफ नहीं होता। शुष्क मौसम में कारोबारियों की दुकानों में इस काम के कारण धूल ही धूल काउंटरों पर जमा हो जाती है।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मतदान बहुत जरूरी : सुभाष अत्री

देवभूमि मिरर/बंगाणा

जोगिंद्र देव आर्य ।मतदाता सहभागिता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से विकास खण्ड बंगाणा के स्वयं सहायता समूह(एचएचजी) की महिलाएं भी मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने में जुटे हैं। इसी कड़ी में आज बंगाणा की ग्राम पंचायत लठियानी और दोबड में स्वीप गतिविधियां आयोजित करके लोगों को स्वयं सहायता समूहों ने रंगोली बनाकर जागरूकता संदेश दिया। वहीं दूसरी और विकास खण्ड अधिकारी सुभाष अत्री ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या इससे आयु पूर्ण कर चुके सभी मतदाता अपना वोट अवश्य बनवाएं ताकि विकास खण्ड में एक भी पात्र मतदाता नाम दर्ज कराने से न छूटे। वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत होता है

# हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में व्यक्तिगत स्वच्छता पर ज्ञानवर्धक स्वास्थ्य वार्ता

देवभूमि मिरर/हमीरपुर



आज हिम अकादमी पब्लिक स्कूल ने एक नवीन और प्रासंगिक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य था कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना। इस वार्ता का संचालन स्कूल की चिकित्सिका डॉ. पूजा कंवर ने किया, जिन्होंने तत्परता से छात्राओं को हाथों की स्वच्छता, मौखिक स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता, और त्वचा की देखभाल की उपयोगी तकनीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम की मुख्य बातों में उन्होंने साबुन से नियमित रूप से हाथ धोने के महत्व पर बल दिया, जिससे कीटाणुओं को हटाने में मदद मिलती है और बीमारियों की रोकथाम होती है। इसके अलावा, उन्होंने समझाया कि कैसे स्वच्छ आदतें अपनाने से न केवल व्यक्तिगत ही नहीं बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी रोग प्रसार की रोकथाम होती है। डॉ. कंवर ने इस समय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, &०४ङ्ग३;व्यक्तिगत स्वच्छता सिर्फ स्वास्थ्य नहीं रखती, बल्कि यह समाज को भी संक्रमण से मुक्त रखने में मदद करती है। यह हमारी शिक्षा प्रणाली में नैतिकता के महत्व को भी रेखांकित करती है। विद्यालय प्रबंधन ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला और आशा व्यक्त की कि इससे छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता और स्वच्छता की अच्छी आदतें विकसित होंगी।

# कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी अवैध शराब की 86 पेटियां

देवभूमि मिरर/हमीरपुर

राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने शुक्रवार रात को एक गुप्त एवं पुख्ता सूचना के आधार पर जोल सप्पड़ क्षेत्र के एक मकान में छापा मारकर अवैध शराब की 86 पेटियां बरामद की हैं। विभाग के उप आयुक्त वरुण कटोच ने बताया कि इस अवैध शराब की कीमत लगभग 3.34 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि विभाग के सहायक आयुक्त डॉ. नवल, कर एवं आबकारी अधिकारी नितिन गुप्ता, नीरज गोयल और सुनील राणा, सहायक कर एवं आबकारी अधिकारी सृष्टि ठाकुर और रवीना ठाकुर की टीम ने यह अवैध शराब पकड़ी। वरुण कटोच ने बताया कि विभाग की टीम ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी और अवैध शराब पुलिस की टीम को सौंप दी। पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 के तहत इसकी जांच आरंभ कर दी है। उप आयुक्त ने बताया कि जिला हमीरपुर में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर शराब के भंडारण एवं वितरण पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। वरुण कटोच ने बताया कि आने वाले दिनों में भी विभाग की टीमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी करेगी। उन्होंने सभी जिलावासियों से भी अपील की है कि अगर उन्हें अपने क्षेत्र में शराब के अवैध भंडारण, वितरण या तस्करी का पता चलता है तो वे तुरंत विभाग के अधिकारियों को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## न्यूज एक्सप्रेस

### लोकायुक्त ने राज्यपाल को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की

**देवभूमि मिरर/शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोकायुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) चन्द्र भूषण बरोवालिया ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को वर्ष 2023 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।राज्यपाल के सचिव राजेश कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### ठियोग एवं चौपाल विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता शिविरों का हुआ आयोजन

**देवभूमि मिरर/शिमला**

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र के कुमारसैन उपमण्डल में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की इसी कड़ी में लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया तथा अपने मत का प्रयोग करने के प्रति शपथ भी ली। इसके अतिरिक्त नारकंडा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत 60-चौपाल विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बौहर में छात्रों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, नारा लेखन एवं रंगोली इत्यादि में भी हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### 4 मई तक मतदाता सूचियों में दर्ज करवा सकते हैं नाम: डॉ. रोहित शर्मा

**देवभूमि मिरर/सुजानपुर**

भारत निर्वाचन आयोग के जागरुकता कार्यक्रम स्वीप यानि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के निर्वाचन अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवा अपने नाम मतदाता सूचियों में अवश्य दर्ज करवाएं, ताकि वे एक जून को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। एसडीएम ने बताया कि पात्र लोग 4 मई तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए वे अपने बूथ लेवल अधिकारी या एसडीएम अथवा तहसील कार्यालय में संपर्क करें। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के मतदाताओं और विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर में सत्र 2024-25 में पीएचडी की सीटों के लिए मांगे आवेदन

**देवभूमि मिरर/हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के रिसर्च एडं डेवलपमेंट के डायरेक्टर डा. कुलदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश प्राईवेट शिक्षण संस्थान रेगुलेटरी कमीशन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कंप्यूटर साईंस इंजीनियरिंग, सीविल इंजीनियरिंग फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बॉटनी, जूलॉजी, लॉ, फामेर्सी, इंग्लिश, पॉलिटिकल साईंस व कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में सत्र 2024-25 में पीएचडी की सीटों को भरने की मान्यता दे दी है। इससे पहले भी वि.वि. में 157 रिसर्च स्कॉलर विभिन्न विषयों में अपनी पीएचडी कर रहे हैं। एडमिशन के लिए करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा लेगा। इच्छुक अभ्यार्थी 15 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यार्थी या 8219181535 या 9817508720 पर संपर्क कर सकते हैं।

### श्री नैना देवी विधानसभा में भाजपा नें बुथ विजय अभियान शुरू करने का लिया निर्णय

**राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर**

बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी ने श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में बूथ विजय अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है ! यह जानकारी श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के अपर मंडल अध्यक्ष श्री लेख राम ठाकुर और लोअर मंडल अध्यक्ष श्री बालकृष्ण ठाकुर ने एक संयुक्त बयान में देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव में श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ से भाजपा प्रत्याशी श्री अनुराग ठाकुर को बढ़त दिलाना है ! इस अभियान की शुरूआत 21 अप्रैल 2024 को सायर बूथ से की जाएगी ! इस अभियान के अन्तर्गत हर बूथ में होने वाले कार्यक्रमों में श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा मुख्य रूप से जाएंगे और उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे ! इस दौरान जहां वे हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कॉंग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों व नाकामयाबियौ की जानकारी लोगों को देंगे वहीँ केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा भी करेंगे ! दोनों मंडल अध्यक्षो ने श्री नैना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की

### बीएसएफ की गाड़ी से पार्थिव देह को उतारते समय परिजनों की चीखों पुकार से पूरे गांव में मातम छा गया

**देवभूमि मिरर/फतेहपुर**

उप तहसील राजा का तालाब की ग्राम पंचायत गोलवां के सथेरा गांव के बीएसएफ के 99 बटालियन के जवान हैड कांस्टेबल सुनील कुमार की पार्थिव देह को लेकर माधोपुर की गार्ड 121 बटालियन के एएसआई अश्वनी कुमार और उनकी टीम शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव में पहुंची। बीएसएफ की गाड़ी से पार्थिव देह को उतारते समय परिजनों की चीखों पुकार से पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं पार्थिव देह के पैतृक गांव में पहुंचने के इंतजार में खड़े रिश्तेदार व अन्य लोग गमगीन हो गए।इस दौरान जवान की माता और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं जवान के नन्हे बच्चे अपने पिता की पार्थिव देह को देखकर समझ ही नहीं पा रहे थे। कि यह क्या हो रहा है।इस बीच रीति रिवाज की परंपरा का निर्वहन करते हुए हैड कांस्टेबल सुनील कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सथेरा के मोक्ष धाम में किया गया। उनके 10 वर्षीय बेटे आकर्ष ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी।इस मौके पर उनके सैकड़ों चाहने वालों ने उन्हें नाम आंखों से अंतिम विदाई दी।सुनील कुमार के पार्थिव शरीर को लेकर आए सब इंस्पेक्टर टी.सी वर्गिस ने बताया कि हैड कांस्टेबल सुनील कुमार पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और बीते दिन हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। मृतक सुनील कुमार के छोटे भाई का 4 वर्ष पहले अचानक निधन हुआ था और लगभग 1 साल पहले इनके पिता का भी निधन हो गया था। सुनील कुमार अपने पीछे पत्नी सुनीता, दो छोटे छोटे बेटों व वृद्ध माता पवन कौर को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।दिवंगत हैड सुनील कुमार की पत्नी सुनीता कुमारी ने बताया कि एक दिल पहले ही उनके पति ने उन्हें फोन किया था।और उनसे व बच्चों से बातचीत की थी। वहीं बच्चों का ख्याल रखने की बात कही थी।इस मौके पर पुलिस चौकी रैहन के एएसआई सुनील कुमार व उनकी टीम भी शामिल रहे।

# सैमसंग ने नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी लॉन्च किए

अमूल्या/देवभूमि मिरर




शिमला। भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने आज बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित 'अनबॉक्स एंड डिस्कवर' इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी के एक नए युग की घोषणा की है। नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K और ओएलईडी टीवी की 2024 सीरीज पावरफुल, एआई-आधारित सोल्यूशन के साथ आपके घरेलू मनोरंजन को और बेहतर बनाएगी। इस मौके पर सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा "सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की नई क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि हमने अपने उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए घरेलू मनोरंजन में एआई को जोड़ा है। नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4ङ और ओएलईडी टीवी की हमारी 2024 रेंज घरेलू मनोरंजन को नई पहचान देती है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा टेलीविजन आधुनिक जीवन के केंद्रबिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं। भारत में बड़ी स्क्रीन साइज की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं की प्रीमियम टीवी के प्रति बढ़ती रुचि को दशार्ती है। हम ऐसे एआई टीवी लॉन्च कर रहे हैं

# 'कर्मयोगी की उड़ान' के नाम से नए सशक्त अभियान की ट्राइडेंट ग्रुप ने की शुरूआत

राजकुमार शर्मा/देवभूमि मिरर



लुधियाना। टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप ने ट्राइडेंट के मिशन दिवस पर 'कर्मयोगी की उड़ान' नामक आकर्षक नया अभियान शुरू किया है। ट्राइडेंट के गुमनाम नायकों का सम्मान करते हुए इस अभियान के जरिए इन कर्मयोगियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा और बताया जाएगा कि किस तरह से उन्होंने अपने धैर्य, दृढ़ इच्छाशक्ति व हिम्मत के जरिए सभी बाधाओं पर विजय प्राप्त करते हुए सफलता के झंडे लहराए। 'कर्मयोगी की उड़ान' एक सशक्त और समावेशी समुदाय को बढ़ावा देने के लिए ट्राइडेंट ग्रुप के अटूट समर्पण को दशार्ता है। इस अभियान के तहत एक प्रभावशाली वीडियो की श्रृंखलाओं के माध्यम से ट्राइडेंट परिवार नेटवर्क के गुमनाम नायकों की प्रभावशाली और उल्लेखनीय कहानियों को उजागर किया जायेगा। 'गोल्डन हार्ट्स, गोल्डन ट्राइडेंट' थीम की भावना से प्रेरित इस अभियान को जोश टॉक्स के सहयोग से चलाया जायेगा तथा यह अभियान ट्राइडेंट परिवार के प्रत्येक सदस्य द्वारा प्रदर्शित भावुक प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रतीक है। कर्मयोगी के रूप में जाने जाते यह व्यक्ति, सेवा और करुणा का गहरा प्रभाव प्रदर्शित करते हैं और ट्राइडेंट ग्रुप के मूल मूल्यों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। ट्राइडेंट ग्रुप की इस नई पहल पर टिप्पणी करते हुए, ट्राइडेंट ग्रुप के चीफ मार्केटिंग आफिसर, हर्षवर्द्धन सिंह चौहान ने कहा कि 'कर्मयोगी की उड़ान' अभियान ट्राइडेंट समुदाय के गुमनाम नायकों का जश्न है। ऐसे नायक जिनका समर्पण और निस्वार्थता 'गोल्डन हार्ट्स, गोल्डन ट्राइडेंट' की भावना को मूर्त रूप दिया

# न्यूज एक्सप्रेस

## हरियाणा की मंडियों से नहीं हो रहा गेहूं का उठान, मंत्री ने मांगी रिपोर्ट

चंडीगढ़। हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मूल चंद शर्मा ने प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में चल रही गेहूं खरीद पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को अधिकारियों से बातचीत के बाद मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि भले ही 1 अप्रैल से प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडियां तथा खरीद केंद्र शुरू किए गए हों लेकिन अधिकतर मंडियों में 7 अप्रैल के बाद गेहूं आना शुरू हुआ है। अब तक की रिपोर्ट के मुताबिक 14 अप्रैल से गेहूं की आवक में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई जिलों से किसानों के नमी वाली गेहूं लेकर आने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि मंडी में गेहूं खरीदने से लेकर मंडी से उठान करने तक की प्रक्रिया पांच से छह दिन लग जाते हैं।इसके बावजूद प्रदेश के कुछ जिलों से अधिकारियों को किसानों को परेशान करने तथा गेहूं खरीद में ढिलाई बरतने को लेकर शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंत्री मूल चंद ने कहा कि जिला अधिकारियों तथा जिला उपायुक्तों से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर गेहूं की खरीद व उठान में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले दो दिन के भीतर सभी मंडियों की स्टेटस रिपोर्ट आने के बाद गेहूं खरीद सुचारू होगी।

## जिलाधीश ने नहरों में नहाने पर लगाई रोक

झज्जर। जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला की राजस्व सीमा के अंदर से गुजरने वाली नहरों में नहाने पर पूरी तरह पाबंदी से लगा दी है। ये कदम लोगों को नहरों में डूबने से बचाने के लिए उठाया गया है। झज्जर के जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह द्वारा भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नहरों में नहाने पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। जारी आदेशों में कहा गया है कि गर्मी के मौसम में लोग विशेषकर युवा, नहरों में नहाते हैं। इस दौरान पानी का बहाव तेज व गहरा होने के कारण डूबने की आशंका बनी रहती है। जिलाधीश ने जनहित में नहरों में नहाने पर पाबंदी लगाई है। उपरोक्त आदेशों की अनुपालना में शहरी निकाय विभाग, राजस्व, पंचायती राज, पुलिस विभाग द्वारा अनुपालना करवाई जाएगी। जिलाधीश ने कहा कि अवहेलना करने वालों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बता दें कि हर साल गर्मी के मौसम में झज्जर जिले में नहरों में डूबने से कई लोगों की मौत हो जाती है। इस तरह के सबसे ज्यादा हादसे बादली क्षेत्र में एनसीआर मायनर और गुरुग्राम वॉटर सप्लाई मायनर में अधिक होते हैं। ये नहरें काफी गहरी हैं और इनका बहाव बहुत तेज रहता है। जिससे इनमें लोग डूब जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। कई घटनाओं में तो शव को तलाश करने में कई–कई दिन का समय लग जाता है।

## स्कूल संचालक बच्चों के लिए लगाएं सुरक्षित वाहन: एसडीएम

सिरसा। निजी स्कूल वाहनों के प्रबंधन व इनकी निगरानी को लेकर गठित उपमंडल स्तरीय कमेटी ने मंगलवार को स्कूल एसोसिएशन के साथ बैठक की। एसडीएम अभय सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। एसडीएम अभय सिंह ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के अंतर्गत सभी आवश्यक हिदायतों को लेकर जीरो टॉलरेंस के तहत अनुपालना सुनिश्चित होनी जरुरी है। उन्होंने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि वे अपने स्कूल वाहनों को पोलिसी के अंतर्गत सभी मानकों के अनुरूप बनाएं। यह बच्चों से जुड़ा विषय है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। कहीं पर भी उल्लंघना पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने एसोसिएशन को कहा कि वे निजी स्कूल संचालकों को पोलिसी की अनुपालना के बारे में प्रेरित करें। स्कूल वाहनों में मेडिकल किट, अग्नि सेफ्टी यंत्र, वाहन पर चालक का नाम, मोबाइल नंबर व स्कूल का संपर्क नंबर अंकित होना चाहिए। वाहन के लिए जो रुट निर्धारित किया गया है, उसी पर उसका आवगमन हो।

## अवैध पेयजल कनेक्शनों पर कसा शिकंजा

फतेहाबाद। लंबे समय तक नहरबंदी और गर्मी के मौसम में पानी की बढ़ती डिमांड को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। पानी के दुरूपयोग को रोकने के लिए विभाग ने पूरे शहर में सर्वे शुरू किया है। मंगलवार को जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान दो सर्विस स्टेशन और 6 दुकानों के अवैध कनेक्शन काटे गए। अब इन लोगों को तभी कनेक्शन मिलेगा जब वे नियमों का पालन करेंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि सर्विस स्टेशन को अब कनेक्शन जारी नहीं होगा। पहले जो जारी हो रखा है, उनसे बिल लिया जा रहा है। मंगलवार को सबसे पहले लालबत्ती चौक पर अभियान चलाया गया। टीम में कार्यकारी अभियंता सतीश देशवाल, एसडीओ सतपाल, तरूण मेहता, बीआरसी राकेश कुमार, शमशेर सिंह, मदन लाल, क्लर्क वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। टीम ने लालबत्ती चौक पर 6 दुकानों के कनेक्शन काटे। एसडीएम सतपाल ने बताया कि विभाग द्वारा यह अभियान जारी रहेगा। सर्वे के दौरान नोटिस दिया जा रहा है। अगर नोटिस का जवाब नहीं दिया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा।

## बस अड्डे के बाहर दो युवकों को मारी गोली, एक की मौत

रोहतक। कस्बा महम में बस स्टैंड के समीप दुकान पर बैठे दो युवकों को गोली मार दी गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक को पीजीआई में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इस बारे में आस-पास के लोगों से भी पता किया, लेकिन अभी तक आरोपियों के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर को महम स्थित भिवानी बस स्टैंड के समीप दुकान के बाहर गांव निंदाना निवासी वजीर व किशनगढ़ निवासी बल्लू नंबरदार बैठे हुए थे। इसी दौरान मोटर साइकिल पर सवार दो युवक आए और आते ही वजीर व बल्लू पर फायरिंग शुरू कर दीं। वजीर व बल्लू को कई गोलियां लगीं और हमलावर मौके से फरार हो गए। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पीजीआई पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने वजीर को मृत घोषित कर दिया।

## शॉर्ट सर्किट से कॉटन मिल में लगी आग, कॉटन व बिनौले जलकर राख

हिसार। हांसी में जींद रोड़ स्थित एक कॉटन फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने से फैक्टरी में रखी लाखों रुपए की कॉटन, बिनौले तथा काटन ऑयल जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जींद रोड स्थित श्याम लाल सुरेश कुमार कॉटन मिल में मंगलवार दोपहर शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में रखी 15 लाख की रुई व बिनौले तथा कॉटन ऑयल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री संचालक अंकुर तायल ने बताया कि मंगलवार दोपहर शॉर्ट–सर्किट के चलते उनकी फैक्ट्री के गोदाम में रखी कॉटन में आग लगी है। उन्होंने बताया कि कॉटन फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने गोदाम में धुआं उठता देख उसे फैक्ट्री में आग लगने सूचना दी। इसके बाद उसने फायर ब्रिगेड को फोन कर मिल में आग लगने की सूचना दी तथा मजदूरों के साथ मिलकर अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिल मालिक अंकुर के अनुसार आग लगने से गोदाम में रखी कॉटन, बिनौले तथा कॉटन ऑयल के जलने से उन्हें करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

## पुराने विवाद में समझौता करने आए युवक को गली में खींचकर पीटा

हिसार। हिसार कैंट से पुराने विवाद में समझौता करके समाप्त करने आए युवक पर हमला कर उसे घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। समझौता करने आए युवक ने हमलावर युवकों से बचने के लिए भाग कर पड़ोसी के घर में घुसकर बचने का प्रयास किया परंतु हमलावरों ने उसे घर से बाहर निकाल गली में ले जाकर पिटाई कर डाली।

# उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

देवभूमि मिरर/जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का मंगलवार को निरीक्षण किया तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस गार्द को भी सतर्कता से डयूटी करने को कहा। उन्होंने मौके पर उपस्थित चुनाव नायब तहसीलदार प्रदीप सरोहा से वेयर हाउस में रखें बॉक्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में लगाए गए सीसी टीवी कैमरों की कार्य प्रणाली को भी जांचा। उन्होंने ईवीएम वेयर हाऊस के निरीक्षण के दौरान डबल लॉक सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, सशस्त्र बल की तैनाती तथा अग्निशमन उपकरणों आदि का निरीक्षण भी किया। उन्होंने चुनाव नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे ईवीएम वेयर हाउस में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखें और ईवीएम वेयर हाउस में जिस भी अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी लगाई जाती है,

# 35 वर्षीय महिला ने कराई डेकेयर रोबोटिक सर्जरी, फाइब्रॉएड का सफलतापूर्वक इलाज

अमूल्या/देवभूमि मिरर




जम्मू। माहवारी के दौरान दर्द महिलाओं की दिनचर्या को बहुत ही ज्यादा प्रभावित करता है तथा यदि मासिक धर्म के दौरान बढ़ते दर्द को महिलाएं हल्के में न लें तो वह माहवारी से संबंधित होने वाली गंभीर बीमारियों से बच सकती हैं। यह बात आज जम्मू में आयोजित पत्रकारवार्ता में स्त्री रोग माहिर डा. स्वपना मिश्रा ने कही। उन्होंने बताया कि अक्सर महिलाएं अपने शरीर से संबंधित कई ऐसे लक्षणों–रोगों को छुपाती है या फिर उसे बताने से हिचकिचाती हैं, जिस कारण वह गंभीर बीमारी का रूप धारण कर जाता है। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में प्रसुति एवं स्त्री रोग विभाग की डायरेक्टर डा. स्वपना मिसरा ने बताया कि महिलाएं मासिक धर्म रक्तस्राव के दौरान कई गंभीर समस्याओं को जाने–अनजाने में अनदेखा करती हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे ही माहवारी दर्द को अनदेखा करने के कारण कई महिलाएं गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाती हैं।

# झाड़ू की फैक्ट्री में आग लगने से हजारों का नुकसान

हिसार। आदमपुर की दुर्गा कॉलोनी स्थित एक झाड़ू की फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर को अचानक आग लग गई। आग से झाड़ू एवं गोदाम में रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड, पुलिस एवं एम्बुलेंस को दी गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो गया। सुरक्षा के तौर पर पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची, ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न होने पाए और मौके पर सहायता की जा सके।

# चुनावों के मद्देनजर राजपूत समाज ने कसी कमर




अमूल्या/देवभूमि मिरर

चंडीगढ़। आगामी लोक सभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेशव्यापी हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने कमर कस ली है। शनिवार को चंडीगढ़ प्रेस कल्ब में सभा ने चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक बुला इस पर मंथन किया। बैठक के पश्चात सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये बताया कि नई लोकसभा गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके चलते राजपूत समाज अपने जिम्मेवारी व्यक्त करते हुये चुनावों में अपनी सक्रिय भूमिका निभायेगा। सर्वप्रथम सभा का अभियान अब गांव गांव जाकर जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है, उन्हें अपनी वोट की महत्वता के प्रति जागरूक कर उन्हें लोकतंत्र के इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिये प्रेरित करेंगें। इसी के साथ वे मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान को प्रोत्साहित करेगी। वर्तमान में प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल आबादी में लगभग आठ फीसदी के साथ अनुमानित 15 लाख का राजपूत मतदाता हैं जो कि हरियाणा की राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं। सभा का प्रयास रहेगा कि खाप और पंचायत स्तर पर अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का ब्यौरा और उनके समाधान का घोषणा पत्र बन बनवायेगी। नरेश चौहान ने इस बात पर बल दिया कि पूंजीपति, दल बदलू, भ्रष्टाचारी, अपराधिक और परिवारवाद की परम्परा पर अंकुश लगाने के लिये स्थापित पार्टिया द्वारा यदि जनता के बीच से कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया

# भाजपा प्रत्याशी को हराने में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अग्रणी निभाएगी भूमिका

राजकुमार शर्मा/देवभूमि मिरर




लुधियाना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला लुधियाना की कार्यकारिणी की बैठक आज यहां शहीद करनैल सिंह इसरू भवन में कामरेड एम एस भाटिया की अध्यक्षता में हुई। सबसे पहले दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की शुरूआत करते हुए जिला सचिव साथी डी पी मौड ने पूर्व में किये गये कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति पर चर्चा करते हुए कॉमरेड मौड ने कहा कि आजादी के बाद इतने भयावह हालात कभी नहीं रहे जितने पिछले 10 वर्षों से हैं। पिछले दिनों भाजपा की मोदी सरकार ने देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर दिया है। देश के संघीय ढांचे को कमजोर कर देश को तानाशाही की ओर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। मीडिया पर कब्जा कर लिया है। अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों, आदिवासियों और महिलाओं के लिए भय का माहौल बनाया जा रहा है। ये सब करने वालों को मोदी सरकार सम्मानित कर रही है । वक्ताओं ने कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए तानाशाह मोदी सरकार को सत्ता से हटाना और आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया अलायंस को सत्ता में लाना हमारा कर्तव्य है।

# जनता का सहयोग व समर्थन ही मेरी असली ताकत: नवीन जिंदल

देवभूमि मिरर/कैथल

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद, सहयोग, समर्थन ही मेरी असली ताकत है। वह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक हल्के में जाकर लोगों से वोट की अपील करेंगे। जनता के आशीर्वाद से वह एक बार फिर उनकी सेवा करेंगे और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगें। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में गरीब, युवा अन्नदाता और महिला सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। नवीन जिंदल मंगलवार को ढांड कस्बे में पूर्व सरपंच पवन कसाना के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर पवन कसाना ने सैकड़ों ग्रामीणों सहित नवीन जिंदल का फूलों की माला डालकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी डा. डीपी वत्स, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड, पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, हरियाणा प्रदेश राइस मिलर एंड डीलर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, प्रधान रामकुमार, पूर्व मंडी प्रधान अश्वनी शोरेवाला आदि मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने पूंडरी व कैथल अनाज मंडी के लक्ष्मी नारायण मंदिर में व्यापारियों की बैठक को संबोधित किया।

# बहादुरगढ़ के सुंदरम का 421वां और झज्जर की कनिका का 464वां रैंक

झज्जर। बहादुरगढ़ के निवासी अभिषेक सुंदरम ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा में 421वां और झज्जर की निवासी कनिका ने 464वां रैंक हासिल किया है। बहादुरगढ़ में बराही रोड स्थित एक निजी स्कूल संचालक के पुत्र अभिषेक सुंदरम ने यह परीक्षा पहली बार दी और 421वां स्थान पाया। सुंदरम ने 12वीं तक की पढ़ाई अपने ही स्कूल से पाई। उनकी माँ संगीता और पिता श्याम सुंदर वर्मा ने उन्हें प्रेरित किया। सुंदरम अब अपना रैंक सुधारने के लिए पुनः परीक्षा देंगे। झज्जर के सिलानी गेट मोहल्ला निवासी कनिका ने अपने पहले प्रयास में ही यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा पास की है। उनको 464वां रैंक हासिल हुआ है।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अग्नि सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन

अमूल्या/देवभूमि मिरर




**चंडीगढ़।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की निरंतरता में, फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएआई) चंडीगढ़ चैप्टर ने प्रेस क्लब सेक्टर 27 चंडीगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अग्नि सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन किया। एफएसएआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष जसजोत सिंह अलमस्त ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति के दौरान उठाए जाने वाले उपायों के बारे में वरिष्ठ नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा के लिए सीनियर सिटीजन एसोसिएशन सेक्टर 27 चंडीगढ़ की अध?यक्षा लवलीन कौर के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि इशरे चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने सभी को सलाह दी कि वे जहां भी जाएं, अपने आसपास के वातावरण जैसे आग बुझाने वाले यंत्रों की संख्या और उनके स्थान के बारे में जागरूक रहें। प्रसिद्ध वास्तुकार और सम्मानित अतिथि सुरिंदर बाहगा ने निकासी प्रक्रियाओं और अग्निशमन अभ्यास के महत्व पर चर्चा की। जसजीत सूरी, समुद्री संकाय, चितकारा स्कूल ऑफ मैरीटाइम स्टडीज इस अवसर पर मुख्य वक्ता थे।

# सडकों पर चैक नहीं होंगी स्कूल बसें, शर्तें पूरी करने के लिए स्कूल संचालकों को 10 दिन का समय

देवभूमि मिरर/फतेहाबाद



महेंद्रगढ़ में स्कूल बस दुर्घटना के बाद प्रशासन द्वारा बरती जा रही सख्ती से घबराए फतेहाबाद के स्कूल संचालक मंगलवार को डीसी से मिलने पहुंचे। यहां डीसी राहुल नरवाल ने सभी स्कूल संचालकों के साथ मीटिंग कर उनकी मांगें सुनीं। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा उन्हें 10 दिन का समय दिया गया है। स्कूल संचालक 10 दिन तक स्कूल बसों के संबंध में तय सारे मानक पूरे करेंगे। तय हुआ कि तब तक सडकों पर स्कूल बसों को नहीं रोका जाएगा। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। 10 दिन बाद प्रशासन फिर अभियान चलाएगा। यदि फिर भी कोई बस बिना परमिट या फिटनेस के मिली तो उन पर शिकंजा कसा जाएगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने सभी प्राइवेट और सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली वाहनों में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि स्कूल संचालक 17, 20, 21, 27 व 28 अप्रैल को आरटीए कार्यालय जाकर स्कूल बसों से संबंधित सभी दस्तावेज व अन्य कार्यों को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। बसों को सडक पर चेक नहीं किया जाएगा।

# लोकतंत्र की मजबूती में भूमिका निभाएं कैडेट्स : शांडिल्य

देवभूमि मिरर/सोनीपत

एनसीसी अंबाला ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर विकास राय शांडिल्य ने कहा कि कैडेट्स लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अहम योगदान देने में सक्षम हैं। वह मंगलवार को 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी सोनीपत का वार्षिक निरीक्षण के बाद बोल रहे थे। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार द्वारा ग्रुप कमांडर का स्वागत किया गया तथा एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल-कॉलेज में एनसीसी ट्रेनिंग के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। ग्रुप कमांडर द्वारा बटालियन के ऑफिस एरिया के साथ-साथ एनसीसी स्टोर का निरीक्षण किया गया। सेना के जवानों को हिदायतें दी गईं कि कैंटीन का सामान जारी करते समय सेवानिवृत्त सेना के बुजुर्ग अधिकारियों, जवानों तथा उनके आश्रितों का विशेष ध्यान रखें। लोकसभा आम चुनाव-2024 पर उन्होंने कहा की कैडेट्स भारतीय लोकतंत्र के स्तंभ को मजबूत बनाने के लिए अपना अहम योगदान दे सकते हैं। वह अपने गांव में या आसपास के लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करके मतदान के लिए प्रेरित करें।

## पावर हाउस के पास बसे गांव में लाइट ह्यडिम्म

देवभूमि मिरर/सैंज

पार्वती परियोजना के पावर हाउस सिऊड के समीप बसे खड़ोहा के ग्रामीण बीते एक दशक से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। भले ही देश के सात राज्यों को खड़ोहा गांव रोशन कर रहा है लेकिन पावर हाउस की गोद में बसें खड़ोहा गांव के ग्रामीण 10 वर्षों वाद लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। बता दें कि एनएचपीसी के पावर हाउस के 100 मीटर की दूरी पर बसें खड़ोहा गांव के ग्रामीणों को मलाल है कि जहां जिला कुल्लू का खड़ोहा गांव देश के सात राज्यों को रोशन कर रहा है लेकिन ग्रामीण को आज भी लो वोल्टेज की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। भले ही सिऊड के साथ एनएचपीसी का पावर हाउस बिजली के बल्ब से जगमगा रहा हो लेकिन ग्रामीण लो बोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि खड़ोहा गांव में बिजली की कम वोल्टेज से जहां ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। जिस कारण खड़ोहा गांव से संबंध रखने वाले 30 परिवारों के विद्युत उपकरण भी शोपीस बन गए हैं। बहरहाल सात राज्यों को रोशन करने वाले खड़ोहा के लोग खउंद अंधकार में हैं। दिले राम काईथ, लजे राम शर्मा, एलेराम, लीलाधर, चमन लाल, जय चंद, चेत राम, मने चंद व ज्ञान चंद ने आरोप है कि एनएचपीसी के आते ही गांव में लो वोल्टेज की समस्या आई है। अगर एनएचपीसी न आती तो ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या परेशान न करती। एनएचपीसी ने भले ही पावर हाउस में सैकड़ों बिजली के बल्ब लगाकर यह दशार्ने की कोशिश की है कि यहां बिजली की कोई भी समस्या नही है लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

## ओम साई सेवा समिति ने कंसा में लगाया रक्तदान शिविर

अत्तित कौर/देवभूमि मिरर




नेरचौक। ओम साईं सेवा समिति द्वारा कंसा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया । इस कार्यक्रम में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नेरचौक उर्वशी वालिया मुख्य अतिथि रहे। स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान रीता चौधरी व उपप्रधान रोहित विशेष अतिथि उपस्थित रहे। समिति सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स, ओम साई सेवा समिति के सदस्यों, उपप्रधान रोहित,प्रिसिपल कंसा स्कूल, प्रिसीपल आई.टी.आई.बल्ह, समाजसेवी हरिमन व चिकित्सकों की टीम को भी सम्मानित किया गया । ओम साई सेवा समिति के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि का रक्तदान शिविर में आने पर आभार व्यक्त किया,और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सभी को अवगत करवाया । मुख्य अतिथि उर्वशी वालिया ने ओम साईं सेवा समिति के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सामाजिक भलाई के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। उर्वशी वालिया ने ओम साईं सेवा समिति के इन कार्यों को देखते हुए उन को प्रोत्साहन हर सहायता की घोषणा की। इस रक्तदान शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान करके एक उदाहरण पेश किया तथा कार्यक्रम में 80 से 100 भाई और बहनों ने शिरकत की और उन्होंने समिति को भविष्य में भी ऐसे ही कार्यों के लिए प्रेरित किया और अपने सहयोग के लिए आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में ओम साईं सेवा समिति के स्वयंसेवी रणजीत सिंह,राकेश कुमार, मिन्हास, भूपी कराटे ,रवि कुमार,मनीष कुमार, रवि कुमार, प्रयाशु, पम्मी,विजय कुमार, अमर सिंह,रमेश, विकाश, मनोज, साहिल कुमार,राहुल, रोहित, हरविंदर, अनमोल, जसविंदर, अमन, अंशुल ,भूपी,दीपक, अजय ,नवीन, नेत्र सिंह, रणजीत सिंह, आदि

## दो टूक : सडकों की तुरंत करो मरम्मत

कुल्लू। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को भुंतर-मणिकर्ण सडक का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सडक के मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों सहित मणिकर्ण आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की कठनाइयों सामना न करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विषेकर ऐसे स्थानों जहां सडक अधिक क्षतिग्रस्त है, को चिन्हित कर मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व सडक का मरम्मत कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने ट्रैफिक जाम लगाने वाले स्थानों को चौड़ा करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता व तहसीलदार भुंतर साथ उपस्थित रहे।

## महात्मा हंसराज के जीवन मूल्यों को अपनाएं छात्र

देवभूमि मिरर/मनाली

शुक्रवार सुबह डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के नित्य हवन में डीएवी संस्थान के संस्थापक महात्मा हंसराज के नाम की आहुतियां डाली। सुबह ही नित्य हवन में महात्मा हंसराज को समर्पित थी, जो अत्यंत पूजनीय, गौरवशाली आत्मा, अदम्य के प्रतिष्ठित भक्त और महर्षि दयानंद सरस्वती के एक उत्साही अनुयायी और डीएवी संस्थान के संस्थापक थे। महात्मा हंसराज की जयंती पर उन्हें याद करते हुए प्रधानाचार्य आरएस राणा ने उनके जीवन के महत्व को यह कहते हुए बताया कि उनकी दूरदर्शी सोच, अकल्पनीय बलिदान और दृढ़ प्रेरणा जो नैतिक शिक्षा पर आधारित डीएवी संस्थान की एक विशाल श्रृंखला के रूप में विकसित हुई है। वह आज भी हम सभी को विशेष अवसरों और परिष्कृत मंच का उज्ज्वल विस्तार प्रदान कर रही है। महात्मा हंसराज के प्रति सदैव कृतज्ञ रहनी चाहिए और उनके अनुकरणीय जीवन में उनके द्वारा अपनाए गए मूल्यों को संजोकर रखना चाहिए। इन मूल्यों को अपने मित्रों, परिवारों तथा समाज में फैलाना चाहिए तथा अपने छात्रों, संगठन तथा राष्ट्र के विकास के लिए अथक प्रयास करना चाहिए।

## टायर ट्यूब पलटने से अधेड़ व्यास नदी में डूबा

देवभूमि मिरर/मंडी



सदर क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत तरनोह के घेरू बल्ह मैं व्यास नदी को आर पार करने के लिए लगाई गई टायर ट्यूब पलट जाने से एक व्यक्ति व्यास नदी में डूब कर मौत हो गई । व्यक्ति की पहचान रूपलाल पुत्र पूर्ण चद निवासी घेरू बल्ह जो मंडी के भिवुली में एमडी स्वीट्स की दुकान चलाता था अपनी पत्नी संग द्रांग क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलग के चरोग मैं विवाह शादी में शिरकत करने जा रहे थे। व्यास नदी को पर करने के लिए कोई भी झूला पुल या झूला नहीं है इसलिए लोगों ने अस्थाई तौर पर टायरट्यूब में हवा भरकर व्यास को पार करने का साधन निश्चित किया है । इस टायर ट्यूब के माध्यम से ही रूपलाल अपनी पत्नी सहित जा रहा था कि अचानक व्यास नदी के बीच ट्यूब पलट गई और वह व्यास नदी में डूब गया, जबकि रूपलाल की पत्नी वीना को अन्य लोगों ने रेस्क्यू करके जिंदा व्यास नदी से बाहर निकाल दिया । उसके बाद रूपलाल को व्यास नदी के जल से निकलने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा रेस्क्यू शुरू किया तथा डूबने के एक घंटा बाद मुरारी लाल ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी । रूपलाल के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। उल्लेखनीय है की जिस जगह पर रूपलाल व्यास नदी की जलधारा में समा गए उसे जगह पर 19 जनवरी 1994 को उनके दादा राम सिंह भी इसी व्यास नदी में डूब गए थे, जिनका शव दो दिन बाद निकल गया था। हैरानी तो यह है कि मंडी विक्टोरिया ब्रिज से लेकर सरकाघाट के कांदा पाटन तक एक भी झूला व झूला ब्रिज व्यास नदी में नही है। व्यास नदी की जलधारा में अब तक दर्जनों लोग समा चुके हैं मगर राजनीति के ठेकेदारों द्वारा अभी उन लोगों के दर्द को नही साझा जो आज भी खून के आंसू रो रहे हैं। ग्राम पंचायत तरनोह कि प्रधान अनामिका ठाकुर ने बताया कि पंचायत की ओर से सरकार को कई प्रस्ताव भेजे गए, चुने हुए प्रतिनिधि, जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।

## निरमंड: जाओं का 8 बैसाख का आठे जाच मेला धूमधाम से संपन्न





मदन सांवरिया/देवभूमि मिरर

निरमंड। निरमंड के जाओं का ऐतिहासिक बैसाख मेला (आठे जाच) मेला पर्व आज रीति रिवाजों के साथ संपन्न हो गया है। बैसाख महीने की 8 प्रविष्ट को यह पर्व हर वर्ष यहां की 10 पड़ेई के लोगों द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया जाता है और पुराने रीति रिवाजों, यहां की पुरानी संस्कृति का निर्वहन करते हैं। 7 बैसाख को यहां निरशू पर्व मनाया जाता है। इसमें मां चैलाशनी के पर्व में जाओं और दवाह के लोगों की अहम भूमिका रहती है। और यहां के लोगों द्वारा सुहांग के रूप में नुकड़ नाटक प्रस्तुत किए जाते हैं। आठे जाच मेले में बजोड़ लोगों का दल नृत्य करते जाओ पहुंचते हैं और उसके बाद यहां भव्य नाटी लगती है और परम्परागत वेश भूषा चोड़ा कलगी,पट्टू पहनकर पुरानी संस्कृति की धरोहर की झलक देखने को मिलती है। वहीं ,,, ने बताया कि यह मेला प्राचीन समय में "ऋणु झिणु" दो भाई गद्दी थे वे गलेशियर के नीचे दब गए थे और बाद में उन्होंने मां चैलासनी का ध्यान किया और गलेशियर से बाहर आए और 10 दिन बाद घर पहुंचे। उन्ही "ऋणु झिणु" के सुरक्षित मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोगों द्वारा खुश हुए और उनकी याद में इस पर्व को मनाया जाता है। उन्होंने ने बताया कि इस बार इस मेले में मेहमान के तौर पर शरीक हुए हैं और मेले में चार चांद लगा दिए गए हैं।

## लाहौल-स्पीति में चुनावी रैलियां के लिए स्थलों की अधिसूचना जारी

देवभूमि मिरर/कुल्लू

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि जिला लाहौल और स्पीति में वर्तमान लोकसभा आम और विधानसभा उप-चुनाव-2024 में चुनाव प्रचार के उद्देश्य से पुलिस खेल मैदान केलांग,खेल मैदान उदयपुर व लादारचा मेला मैदान काजा को चुनावी रैली के लिए अधिसूचित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि विभिन्न राजनीतिक दलों कोआदर्श आचार संहिता के चलते चुनावी रैली के लिए मैदान की अनुमति जारी नियम एवं शर्तों के आधार पर प्रदान की जाएगी जिस में राजनीतिक दल या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को चुनाव प्रचार के लिए अधिसूचित मैदान के उपयोग के लिए संबंधित एआरओ (एसडीएम) के पास आवेदन करना होगा। अनुमति पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दी जाए गी है। राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचित नियम के आधार पर उपयोग के बाद, इसे बिना किसी क्षति के या क्षति के लिए अपेक्षित मुआवजे के साथ संबंधित प्राधिकारी को वापस करना होगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है की अधिसूचित मैदान की क्षमता के अनुसार कार्यकताओं की भीड़ को प्रतिबंधित करना राजनीतिक दल या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की एकमात्र जिम्मेदारी होगीइस दौरान पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग के लिए संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट से पहले से अनुमति लेनी होगी।

## रोटरी क्लब ने किया 50 लोगों का फ्री मेडिकल चेकअप

अत्तित कौर/देवभूमि मिरर




**नेरचौक।** रोटरी क्लब नेरचौक चौक ने आज प्रधान शिव कुमार की अध्यक्षता में फ्री मेडिकल चेकअप का आयोजन किया जिसमें नेर चौक व्यापार मंडल के व्यापारियों स्थानीय लोगों का फ्री चेकअप किया गया इस कैंप में 50 से अधिक लोगों का फ्री चेकअप किया गया फ्री चेक अप डॉक्टर आर डी आनंद की देखरेख में किया गया डॉ आर डी आनंद ने बताया कि बहुत से लोगों को शुगर बीपी या अन्य चीजों की कमियां पाई गई जिस जिसके चलते उन्हें उनके खान-पीन वह अन्य आवश्यक सुधारो के लिए बताया गया इस अवसर पर प्रधान शिवकुमार ट्रेजरर सौरभ महाजन अभिलाष महाजन अमृतपाल विकास महाजन सुरेंद्र मोहन नेरचौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोविंद ठाकुर जोगराज कृष्ण कुमार राकेश ठाकुर वैभव सुरेश लाल सिंह के अलावा के पी मेडिकल सेंटर के टेक्नीशियन उदय नर्स निशा उमा सहायक सावित्री मौजूद रहे प्रधान शिव कुमार ने बताया रोटरी क्लब नेरचौक फ्री मेडिकल कैंप्स के अलावा पौधारोपण बच्चों की पढ़ाई में मदद गरीब लोगों को भजन गरीबों के घर का निर्माण हृदय संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए बच्चों व लोगों की मदद करना जिनके हृदय में छेद हो उनकी मदद के लिए मतलब हमेशा आगे रहता है तथा उनके ऑपरेशन करवाना मुख्य कार्य हैं बड़े कार्यों में लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज के लिए डेमोग्राफिक मशीन दे रहे हैं जिसकी लागत एक करोड 30 लाख से अधिक की है

## उपायुक्त कुल्लू ने भुंतर मणिकरण सड़क का निरीक्षण किया

कुल्लू। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने आज भुंतर मणिकरण सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क के मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।ताकि स्थानीय लोगों सहित मणिकर्ण आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की कठनाइयों सामना न करना पड़े। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विषेकर ऐसे स्थानों जहाँ सड़क अधिक क्षतिग्रस्त है को चिन्हित करने तथा ऐसे स्थलों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व सड़क का मरम्मत कार्य पूरा करने को कहा साथ ही ऐसे स्थानों जहां आये दिन ट्रैफिक जाम लगता है

## मां-भाई से मिलकर लौटे महर्षि मार्कंडेय

देवभूमि मिरर/कुल्लू

बंजार ब्लॉक की बहुत चर्चित तीन कोठी सराज से संबंधित महर्षि मार्कंडेय पेड़चा के बड़े भाई महर्षि मार्कंडेय थरास के सम्मान में आयोजित थरास मेले में विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की। तीसरे दिन दोनों ऋषियों के देवरथ ऐतिहासिक एवं देव स्थल मकराहाड़ में पहुंचे। जहां एक घंटे तक मंदिर में ऐतिहासिक देव संस्कृति की रस्म को निभाया गया। तत्पश्चात महर्षि मार्कंडेय पेड़चा अपनी सैंकड़ों हरियानो और लाव लश्कर एवं परंपरागत वाद्य यंत्रों की थाप के साथ शाही स्नान करने के बाद अपने मूल स्थल मकराहाड़ के समीप एक खेत में जहां कालांतर में महाऋषि मार्कंडेय मुख रूप में प्रकट हुऐ थे। उस भूमि पर लेट कर तीन बार अपनी धरती मां से भावनात्मक मिलन कर अपने हजारों हरियानों और भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान मार्कंडेय ऋषि थरास के कारकूनों एवं देवता कमेटी, सदस्यों, कारदार में से जीवन प्रकाश, प्रधान पृथि सिंह पाल, इंदर सिंह, शिवराम शर्मा, बलदेव शर्मा, बाल मुकुंद नेगी, जेहरा देवता गुर संजू, सुआरु राम अमित शर्मा, देवेंदर ठाकुर, अरुण नेगी, रोहित शर्मा, दीवान महंत, मार्कंडेय ऋषि पेड़चा के कारदार रमेश शर्मा कमली राम, गुरमिने राम, पुजारी नरोत्तम शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, कारदार टीसी महंत, पुजारी भाग चंद शर्मा, हेम शर्मा प्रधान लाल चांद, मेघ सिंह, गुर संजू, हेम राज, तेजा सिंह, आदि

## एसडीएम गोहर ने दिलाई मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में मतदान की शपथ

देवभूमि मिरर/गोहर




नाचन विधानसभा में "मा भी पाणा वोट" अभियान के तहत एसडीएम गोहर की अध्यक्षता में मंगलम पब्लिक स्कूल महादेव में स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पाठशाला के बच्चों, अध्यापकों और स्थानीय लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मे मतदान की क्या उपयोगिता है और चुनाव क्यों जरूरी है यह भी विस्तार से समझाया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में से दर्ज करवा लें ।साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर मतदान करने का आह्वान भी किया। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में नाचन में 81% मतदान का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए चुनाव विभाग और स्वीप टीम मतदान प्रतिशत बढाने के लिए लगातार मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाए हुए है जो की मतदान होने तक जारी रहेंगे। ऐसे कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थानों, एजुकेशन कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व आई.टी.आई. स्थानीय मेलों आदि में चलेंगे। स्कूल की हंसिका और हिमांशु ने मतदान की उपयोगता को समझाने के लिए स्कूल की द्वारा भाषण द्वारा जागरूक किया। स्कूल की बच्चों ने समूहगान द्वारा संदेश दिया गया कि बिना किसी लालच में आये उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करें

## विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन पर विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया

देवभूमि मिरर/कुल्लू



विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टाशीगंग में सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी शुक्रवार को पहुंचे । इस दौरान यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक की। स्थानीय लोगों की मांगे सुनी। लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में टाशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थाई तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे । सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ बैठक की गई । उन्होंने प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया है। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे।

## न्यूज एक्सप्रेस

### चौहारघाटी के आराध्य देव पशाकोट का गलू पहुंचने पर नारियल बलि के साथ देवता मेले का शुभारंभ

देवभूमि मिरर/जोगिंदरनगर

चौहारघाटी के आराध्य देव पशाकोट का जोगिंदरनगर उपमंडल के गलू पहुंचने पर नारियल बलि के साथ देवता मेले का शुभारंभ आज शनिवार को हुआ देव पशाकोट के गलू पहुंचने पर सर्वप्रथम देवता ने माता जालपा मंदिर में शीश नवाया तदोपरान्त विशेष देव खेल का आयोजन भी हुआ बताते चलें कि जोगिन्दरनगर उपमंडल के तहत गलू में 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाला तीन दिवसीय देवता मेले का आगाज हो गया हैमेला समिति की अध्यक्षा व हारगुनैण पंचायत की प्रधान कलादेवी ने बताया कि प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए तीन दिवसीय गलू देवता मेले का शुभारंभ नारियल बलि से किया गया

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलीजंजा में स्वीप टीम द्वारा आयोजित की एक दिवसीय कार्यशाला

विनय गोस्वामी/आनी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलीजंजा में शनिवार को स्वीपटीम द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप टीम आनी से नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, सहायक नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा , स्वीप टीम के सदस्य राकेश ठाकुर उपस्थित रहे। स्वीपटीम ने सभी स्टूडेंट्स के माध्यम से उनके माता पिता तक ये संदेश दिया , की लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर भाग लें। और मतदान केंद्र में मतदान करने जरूरी जाएं। नोडल अधिकारी ने छात्रों को ये शपथ दिलाई की वे अपने परिवार जनों को प्रेरित करेंगे की मतदान केंद्र तक अवश्य जाएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ताराचंद ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अटल टनल पर फिर गिरी बर्फ फाहे देखकर चहके सैलानी

कुल्लू। बार बार बदल रहे मौसम के मिजाज के चलते समूची घाटी में अप्रैल माह में ठंड बरकरार है। तो वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का क्रम जारी है। शुक्रवार को भी दोपहर बाद समूची घाटी में जमकर बारिश हुई। वहीं, दोपहर बाद यहां अटल टनल के पास भी बर्फबारी होने पर यहां घूमने के लिए पहुंचे सैलानियों ने ताजा बर्फबारी के बीच आनंद उठाया। अप्रैल माह में जहां नीचले इलाकों में गर्मी पड़ते ही सैलानी ठंडी वादियों का रुख कर रहें है। वहीं, इन ठंडी फिजाओं में अभी भी बर्फबारी और बारिश जारी है। अप्रैल माह में भी अभी तक ठंड जारी है। शुक्रवार को एक बार फिर बारिश के चलते ठंड पड़ते ही लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा है। हालांकि मौसम साफ होने पर दिन में गर्मी है, लेकिन बारिश पड़ते ही ठंड बढ़ जाती है। सुबह ौर शाम के समय स्वेटर व जैकेट अभी भी लोग पहनने को मजबूर हैं। बाहरी राज्यों में मनाली घूमने पहुंच रहे सैलानियों को भी अभी तक मनाली पहुंचने पर ठंड पड़ते ही गर्म कपड़े भी खरीदने पड़ रहे है। शुक्रवार को अटल टनल के आसपास के इलावों में हुई बर्फ को देख यहां सैलानी काफी खुश हुए। सभी ने अपने कैमरों में लाइव बर्फबारी को गिरते हुए कैद किया। पर्यटन सीजन शुरू होते ही मनाली सहित जिला कुल्लू के सभी पर्यटन क्षेत्रों में सैलानियों की संख्या बढ़ गई है। पर्यटन कारोबार भी पटरी पर दौड? लगा है। कई जगहों पर जाम की समस्या भी आम हो गई है। पर्यटकों की संख्या बढ़ते ही यहां पर्यटन से जुड़े कारोबारियों को भी आर्थिक मजबूती मिली है। वहीं, मनाली घूमने के साथ साथ यहां सैलानी लाहुल-स्पीति पहुंचकर भी आनंद ले रहा है। दिनभर लाहुल की सैर करने के बाद शाम के समय ठंडी फिजाओं के बीच मनाली मॉल रोड़ में घूमने का आंनद ले रहे है। बरहाल, जिलाभर में बारिश का क्रम जारी है और ऊघी घाटी के ऊंचाई वालें इलाकों व अटल टनल के आसपास बर्फबारी गिरते ही यहां पहुंचे सैलानी ताजा बर्फबारी की फाहों को गिरते हुए देखने का आनंद ले रहे है।

### एसडीएम ने धारा 144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के आस-पास लगाए प्रतिबंध

मंडी। एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने धारा-144 के तहत परीक्षा केन्द्रों के आस-पास प्रतिबंध लगाए हैं। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) नई दिल्ली द्वारा 21 अप्रैल को मंडी जिला मुख्यालय में एनडीए, एनए (1) तथा सीडीएस-1 की परीक्षा 2024 विभिन्न स्थानों पर जिनमें कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी, सीडीएस परीक्षा (1) और एनडीए और एनए (1) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्यॉज मंडी, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्वक व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सदर मंडी मुख्यालय के संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-144 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास 21 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक को किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियों, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन यानी 21 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक को तक संबंधित परीक्षा स्थलों के आसपास लाउड स्पीकरों के उपयोग, परीक्षा स्थलों के आसपास निर्माण, टेंट स्टेज लगाने, तोड़ने आदि के काम पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दिन परीक्षा केंद्रों में किसी प्रकार के हथियार, लाठियां, गोला बारूद, तलवार, घातक उपकरण आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### शिक्षण संस्थानों में बताया मतदान का महत्व

मंडी। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया स्वीप गतिविधियों के तहत युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों मे विविध गतिविधियों आयोजित की गईं। जिसमे आईटीआई व आईटीआई महिला मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल ऑफिसर स्वीप 33 विधानसभा क्षेत्र मंडी सुभाष चंद ने सभी को मतदान हेतू प्रेरित किया व मतदाता जगरुकता के लिए चलाये जा रहे अभियानों के बारे मे अवगत करवाया व सभी युवाओ को उसमे बढ़ चढ कर हिसा लेने को कहा। उन्होंने बताया कि स्कूलों के ईएलसी नोडल अधिकारियों द्वारा भी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम करवाए गए। ईएलसी नोडल अधिकारी विकेश गुप्ता ने वडोग स्कूल, बेसर सिंह ने नानावा स्कूल, किरण ठाकुर ने बारी गुमानु स्कूल, रवि कुमार ने साईग्लू स्कूल, बलदेव ने वरयारा स्कूल, प्रेम लता ने बीर तुंगल स्कूल, गीतांजलि ने सद् याना स्कूल और ई एल सी नोडल अधिकारी लता ठाकुर ने गोखडा स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करवाए।

### जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार

केलांग। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि जिला लाहौल और स्पीति में वर्तमान लोकसभा आम और विधानसभा उप-चुनाव-2024 में चुनाव प्रचार के उद्देश्य से पुलिस खेल मैदान केलांग,खेल मैदान उदयपुर व लादारचा मेला मैदान काजा को चुनावी रैली के लिए अधिसूचित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि विभिन्न राजनीतिक दलों कोआदर्श आचार संहिता के चलते चुनावी रैली के लिए मैदान की अनुमति जारी नियम एवं शर्तों के आधार पर प्रदान की जाएगी जिस में राजनीतिक दल या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को चुनाव प्रचार के लिए अधिसूचित मैदान के उपयोग के लिए संबंधित एआरओ (एसडीएम) के पास आवेदन करना होगा अनुमति पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दी जाए गी है।राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचित नियम के आधार पर उपयोग के बाद, इसे बिना किसी क्षति के या क्षति के लिए अपेक्षित मुआवजे के साथ संबंधित प्राधिकारी को वापस करना होगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है की अधिसूचित मैदान की क्षमता के अनुसार कार्यकताओं की भीड़ को प्रतिबंधित करना राजनीतिक दल या चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की एकमात्र जिम्मेदारी होगी।इस दौरान पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग के लिए संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट से पहले से अनुमति लेनी होगी। इस आशय की सभी अनुमतियों की प्रतियां राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों को समय पर स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ साझा करनी होंगी।

## पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति से देश को मिला राम मंदिर : राजीव भारद्वाज

निशा/देवभूमि मिरर



**धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज ने डलहौजी में एक जनसभा में भाग लिया। भारद्वाज ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से और भरपूर प्रेम से हिमाचल में भाजपा चारों की चारों सीटों पर कमल खिलाएगी और देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और यही पीएम मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति है जिसके कारण आज देश में राम मंदिर का निर्माण हुआ है, राम मंदिर देशवासियों का सपना था जो आज साकार हुआ है इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं। उन्होंने कहा की पूरे देश में रामनवमी की धूम के बीच बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर में अलौकिक नजारा देखने को मिला, जब अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजे रामलला की मूर्ति के माथे का सूर्य की किरण से अभिषेक किया गया। इस दौरान रामलला के मस्तक पर तीन मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है

## आईपीएल मैचः धर्मशाला में खिलाड़ियों और दर्शकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

### सड़कों-स्ट्रीट लाइट्स को चकाचक करने, बेहतर पार्किंग बनाने के दिए निर्देश

निशा/देवभूमि मिरर

धर्मशाला। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच तथा नौ मई को प्रस्तावित आईपीएल क्रिकेट मैच के प्रबंधों को लेकर जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच शनिवार को क्रिकेट स्टेडियम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि पांच मई को पंजाब किंग्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स तथा नौ मई को पंजाब किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू के बीच आईपीएल टी-ट्वंटी मैच प्रस्तावित है। उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर



सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मुरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को आईपीएल मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को धर्मशाला के आस-पास के क्षेत्र में मुरम्मत योग्य सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि आयोजन से पहले धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों की सड़कें तथा लाइट व्यवस्था चकाचक होगी।

## रजोल में योग व राम चरित्र मानस सत्संग का आयोजन

निशा/देवभूमि मिरर

शनिवार को ज्ञान ज्योती शिक्षा महाविद्यालय रजोल में योग व राम चरित्र मानस सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें योगी रणजीत सिंह (त्रिगर्त दिव्य योग संस्थान, अध्यक्ष कांगड़ा) ने छात्रों को योग सिखाने के साथ राम चरित्र मानस की नवधा भक्ति व धर्म विजय रथ की चौपाईयों का सत्संग करते हुए सार समझाया कि यदि माानव इन चौपाइयों को जीवन में अपना ले तो मानव जीवन राम राज्य जैसा हो जाएगा, जीवन में न कोई रोग, न आर्थिक तंगी, न अल्प आयु मृत्यु होगी । अपितु परस्पर सहयोग और प्रेम-प्रीति होगी। इस अवसर पर



त्रिगर्त दिव्य योग संस्थान के उपाध्यक्ष राकेश मेहरा, सदस्य सुदर्शन, योग शिक्षिका राखी शर्मा और समाज सेविका आशा उपस्थित रही। योग योग अभ्यास शुरू करने से पहले योगी रणजीत सिंह व सभी सदस्यों द्वारा सरस्वती की पूजा व द्वीप प्रज्वलित किया गया इसके बाद योगी रणजीत सिंह ने छात्रों को योग के साथ-साथ अध्यात्म के बारे में भी विस्तारपूर्वक समझाया। निरंतर योग करने से बिमारियों से मुक्ति मिलती है, मन प्रसन्न व एकाग्र रहता है चेहरे पर तेज बना रहता है। योगी रणजीत सिंह ने विभिन्न प्रकार के आसन जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाती सिखाऐ व राम जप के साथ ध्यान करवाया। छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी योग किया, महाविद्यालय की प्राचार्या विजेयता चौधरी ने छात्रों को योग व अध्यातम का ज्ञान देने के लिए योगी रणजीत सिंह का धन्यवाद किया साथ ही योगी रणजीत और उनके साथ आए सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कांग्रेस अगर कांगड़ा चंबा लोकसभा सीट से गद्दी समुदाय को टिकट देती है तो जीत पक्कीः इंद्रजीत कपूर

निशा/देवभमि मिरर

धर्मशाला। अखिल भारतीय गद्दी जनजातीय समिति के राष्ट्रीय सलाहकार इंद्रजीत कपूर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को हिमाचल प्रदेश के समूचे गद्दी समुदाय की भावना को सर्वसम्मति प्रस्ताव के रूप में भेज कर यह आग्रह किया है कि कांगड़ा चंबा जिसे गद्दी बहुल लोकसभा क्षेत्र माना जाता है इस लोकसभा सीट में 17 विधानसभा हलके हैं। जिसमें 12 ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां पर गद्दी समुदाय बहुलता में है। भाजपा ने बैजनाथ, पालमपुर, धर्मशाला, भटियात, चंबा जैसे विधानसभा हलकों में गद्दी समुदाय को बार-बार टिकट ही नहीं दिए हैं बल्कि पिछली बार लोकसभा सीट से भी पहली बार गद्दी समुदाय को टिकट दिया था। जिसके वाद संसदीय क्षेत्र से जुड़े गद्दी समुदाय ने एकजुट होकर राजनीति से ऊपर उठकर अपने गद्दी समुदाय के जुड़े भाजपा प्रत्याशी को दिल खोलकर समर्थन किया था। जिसका नतीजा यह हुआ कि सांसद श्री किशन कपूर प्रतिशत के आधार पर पूरे देश भर में दूसरे स्थान पर बढ़त लेने में सफल हुए। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सत्य है कि प्रदेश में कांगड़ा-चंबा ही एक ऐसी लोकसभा सीट है कि जहां से प्रदेश की सबसे बड़ी जनजाति गद्दी समुदाय को लोकसभा टिकट की संभावना रहती है, लेकिन जिस प्रकार से पिछले कुछ समय से भाजपा एक नियोजित रूप से पिछले विधानसभा चुनाव में चंबा विधानसभा क्षेत्र में गद्दी नेत्री श्रीमती इंदिरा कपूर के हाथ से दिया गया टिकट छीन लिया, उसके बाद धर्मशाला से विशाल नैहरिया का टिकट काट दिया, इसी तरह विधानसभा चुनाव में गद्दी समुदाय के तेज तर्रार गद्दी नेता त्रिलोक कपूर को पूरी योजना बनाकर हराया गया यही नहीं भटियात मे भी योजना पूर्वक श्री विक्रम सिंह जरयाल को भाजपा के लोगों ने ही निर्मल पांडे आजाद प्रत्याशी के रूप मे खड़ा करके हराने का प्रयास हुआ और अब लोकसभा चुनाव में गद्दी समुदाय को दूध से मक्खी की तरह उठाकर बाहर कर दिया। इन तमाम घटनाओं को लेकर गद्दी समुदाय बुरी तरह आहत है और गुस्से में है।

## स्कूल टाइमिंग बदलने की मांग, टछउ ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

वाराणसी/देवभूमि मिरर

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल इस भीषण गर्मी में दोपहर दो बजे तक संचालित हो रहे हैं, जिससे 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में दोपहर दो बजे तक बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों के समय में परिवर्तन किए जाने हेतु प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा) को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि बच्चे कड़ी धूप और गर्म हवा के थपेड़े सहते हुए घर पहुंचते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मकाल में एक अप्रैल



से 30 सितंबर तक 7.30 से 12.30 बजे तक पढ़ाई का समय निर्धारित है। इसके विपरीत बेसिक शिक्षा के परिषदीय विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक स्कूल सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खोले जाने के निर्देश हैं। चूंकि बच्चों के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण उनके अभिभावकों द्वारा अब बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में भी दोपहर 12.30 बजे तक छुट्टी करने की मांग भी निरंतर की जा रही है।

## धर्मशाला में सुस्त विकासकार्यों को लेकर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

निशा/देवभूमि मिरर

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने धर्मशाला में सीवरेज बिछाने का काम जल्द पूरा करने के आदेश जारी किए हैं. साथ ही अदालत ने इस काम में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ एक्शन के आदेश भी दिए हैं. हाईकोर्ट ने सीवरेज कार्य में रोड़ा अटकाने वाले भूमि मालिकों पर हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1994 की धारा 358 का प्रयोग करते हुए एक्शन लेने के आदेश दिए.मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव एवं न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ कर रही है. अदालत ने हैरानी जताई कि धर्मशाला में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए वर्ष 2022 में ठेकेदारों को काम सौंपा गया था, लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है.सीवरेज लाइन का कार्य देखने वाले उप मंडल अधिकारी ने स्टेटस रिपोर्ट के माध्यम से अदालत को बताया कि कुछ निजी संपत्ति के मालिक अपनी भूमि अथवा मकान के गेट के भीतर से लाइन नहीं बिछाने दे रहे. वे नहीं चाहते कि उनकी भूमि से सीवरेज पाईप दबाई जाए. इस कारण लाइन बिछाने का कार्य रुका हुआ है. अदालत ने इस तथ्य पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम धर्मशाला को उसकी कानूनी शक्तियां दिखाते हुए उनका इस्तेमाल करने के आदेश दिए.उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार और नगर निगम धर्मशाला को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था. अदालत ने 6 दिसंबर 2023 को नगर निगम धर्मशाला से पूछा था कि वर्ष 2022 से जारी सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य अभी तक पूरा क्यों नहीं हो पाया है. कोर्ट ने यह भी पूछा था कि इस काम को तुरंत पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं. इसके बाद उक्त काम देख रहे उप मंडल अधिकारी ने कुछ निजी भूमि मालिकों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का हवाला देते हुए काम पूरा न होने का कारण अदालत में बताया था.कोर्ट ने नगर निगम धर्मशाला को आदेश दिए कि वह अपनी कानूनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह कार्य शीघ्रता पूर्वक पूरा करे.

## केएलबी कालेज की छात्राओं ने सीखा योग

पालमपुर। केएलबी डीएवी कन्या महाविद्यालय में गुरुवार के दिन अमृता यूनिवर्सिटी केरल द्वारा योग जागरूकता तथा ध्यान सत्र लगाया गया। इस कार्यक्रम को नरेंद्र आनंद तथा श्वेता द्वारा संपन्न किया गया। इनका मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के संस्थानों में जाकर सभी लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए लाभान्वित करवाना है । इन्होंने केएलबी महाविद्यालय में छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योग सिखाए तथा तनाव को कम करने के उपाय बताएं। उन्होंने यह भी कहा कि योग शरीर के आसन और एलाइनमेंट को ठीक करता है। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्रोफेसर कविता राणा द्वारा की गई। कालेज के निदेशक डा. राजेंद्र सिंह राणा ने नरेंद्र आनंद व श्वेता का स्वागत किया और कहा कि खुद को खुश रखकर हम शारीरिक समस्याओं से बच सकते हैं।

## वाराणसी का शहर दक्षिणी विधानसभा जनसंघ व भाजपा की प्राण है

वाराणसी/देवभूमि मिरर




**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव की दृष्टि से वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत शहर दक्षिणी विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन नीचीबाग स्थित भाजपा कार्यालय में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के विधान परिषद सदस्य अशोक धवन, शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी एवं लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, टीएस जोशी ने नारियल फोड़कर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक धवन ने कहा कि शहर दक्षिणी विधानसभा जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी का प्राण है। उन्होंने कहा कि पुरा चुनाव बूथ केंद्रित होता है। उन्होंने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। शहर दक्षिणी विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि शहर दक्षिणी विधानसभा में बाबा विश्वनाथ विराजते हैं। बाबा काल भैरव, मां अन्नपूर्णा भी दक्षिणी विधानसभा में विराजती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल की सबसे बड़ी साड़ी मंडी हो, दवा मंडी हो, सरार्फा मंडी या किराना मंडी हो, सभी दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में है। मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कियाइस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी ने कहा कि संगठन गति प्रदान करने के लिए चार चीजों की जरुरत होती है कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यालय एवं कोष। कहा कि इस चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी से प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार किया।

## डॉ. संतोष कुमार सुमन ने गया की जनता का जताया आभार

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

**गया :** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में गया समेत बिहार की चार सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। इसके बाद बिहार सरकार के माननीय मंत्री सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संतोष कुमार सुमन ने गया की जनता का आभार जताया और दावा किया कि गया सुरक्षित सीट से एनडीए समर्थित हम(से.) के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि गया की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 400 लक्ष्य में अपना योगदान देते हुए जीतन राम मांझी के पक्ष में जमकर मतदान किया है जिससे यहां एनडीए की



जीत है। इसके अलावा बिहार की चारों सीटों पर एनडीए बड़ी मार्जिन से जीत दर्ज करने वाली है। डॉ संतोष कुमार सुमन ने चुनाव समाप्त होने के बाद गया की जनता का आभार जताते हुए कहा कि गया की जनता ने पहले चरण के मतदान में अपना कर्तव्य निभाया है और लोकतंत्र की महानता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना योगदान दिया है। उनके विश्वास और समर्थन के लिए मैं आपका ह्रदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी के लिए जनता का आशीर्वाद मुझे महत्वपूर्ण है।

मैं विश्वास दिलाता हूं कि वे गया क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम करेंगे। जनता के साथ मिलकर, वे गया के लिए एक सशक्त और समृद्ध भविष्य का निर्माण करेंगे।

## मुस्लिम समाज को भड़काने का काम कर रहे हैं विपक्षी दल

वाराणसी/देवभूमि मिरर

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि चुनाव में विपक्षी दल मुस्लिम समाज को अपनी जागीर समझकर केंद्र सरकार के खिलाफ भड़काने का काम कर रहे हैं। वह मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पूर्वी क्षेत्र की ओर से पांडेयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित ईद मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि तुष्टीकरण की सियासत करने वाले विपक्षी दलों ने सीएए को लेकर न सिर्फ मुस्लिम समाज को डराने और भड़काने का दुस्साहस किया बल्कि झूठी व गलत बातों के जरिये भ्रम फैलाकर देश की अमन व मोहब्बत भरे माहौल को भी बिगाड़ने का



काम किया। अमन व तरक्की पसंद मुस्लिम समाज के लोगों की समझबूझ के कारण विपक्ष अपने नापाक इरादे पूरी नहीं कर सका। इस दौरान संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वामी मुरारी दास ने विचार व्यक्त किए। संचालन क्षेत्रीय संयोजक मो. अजहरुद्दीन ने किया। इस दौरान पूर्वी क्षेत्र सह संयोजक ताज मोहम्मद एडवोकेट, क्षेत्रीय संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ओमप्रकाश पांडेय, आबिद जमाल, मौलाना कादिर, सूरज चौधरी आदि मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण मतदान संपन्न 52%प्रतिशत हुआ मतदान

युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर

गया (बिहार)। गया एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव गया क्षेत्र के पाच विधानसभा एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के तीन विधानसभा चुनाव क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ ।सबसे पहले आटो रिक्शा से महागठबंधन के उम्मीदवार सर्वजीत कुमार ने युवाओं को रोजगार मिलेगा यह कहा और सभी गया संसदीय क्षेत्र के लोगों को मतदान करने का आह्वान किया था ।वही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने में अपने मतदान का उपयोग किया कहा कि गया में रुके हर विकास कार्य को पुरा किया जाएगा। 10.30 सुबह में डीएम डा एस एम त्यागराजन एवं पत्नी सहित ने गया कॉलेज बुथ पर अपने



मताधिकार का प्रयोग किया,वही एस एसपी आशिष भारती ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया है लोगों को मतदान करने को कहा ।गया के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न किया गया है आंकलन किया गया 52% किया गया है ।कुछ मतदान केंद्र पर वोटीग चल रही है। लोगों को उत्साह देखने को मिला है। कोई भी कमी नहीं रहा है। बहुत ज्यादा ईबीएम बदलने की जरूरत नही पड़ी है सिर्फ दो तीन ईबीएम बदलने की जरूरत पड़ी, वसुंधरा मतदान में लोगों को जागरूक किया गया है ।सभी पदाधिकारियों भ्रमण करते हुए, कोई भी शिकायत आए थे उसे तुरंत निपटारा किया गया है ।ईबीएम पिछले चुनाव से काफी कम प्रतिशत रही है। गुरुआ मे एक बुथ और टेकारी मे दो बुथ में चुनाव एक लोग ने किया गया है। सबसे ज्यादा से गलियों में भी निगरानी रखी गई थी। बोर्ड श्रेत्र मे भी निगरानी किया जा रहा है। नक्सली इलाकों में बुथ में कोई घटना नही घटी,आ रो पी को झारखंड के बोर्डर पर लगाए गये थे दो समय किया गया था ।एक पोलीग बुथ मे पहुंचाने के लिए और एक लाने के लिए आर रो पी को लगाए गये थे। शहर के वोटीग प्रतिशत कम है

## न्यूज एक्सप्रेस

### मां दक्षिणेश्वरी काली के दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**वाराणसी/देवभूमि मिरर**



**वाराणसी। भोजूबीर** (पंचक्रोशी रोड) स्थित मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का वार्षिक श्रृंगार धूमधाम से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मां का दरबार विभिन्न प्रकार के फूलों और विद्युत झालरों से सजाया गया। मंदिर परिसर को कामनी पत्ती, फलो और विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट किया गया था,जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा ।सुबह 5 बजे पंचामृत से मां का स्नान और महाआरती हुई। बेला, गुलाब समेत आदि फूलो से मां का श्रृंगार किया गया। रात्रि में माँ दक्षिणेश्वरी काली की महाआरती हुई। जिसमे भक्तों ने डमरू बजाया। मंदिर पर दर्शनार्थियो की खासी सुबह से देर रात तक दर्शन पूजन को लगी रहीं। सास्कृतिक कार्यक्रम में विक्की तिवारी, पूनम शर्मा,चंदन सिंह मधुर व सुमन अग्रहरि ने देवी गीतों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। मंदिर के महन्त गोपाल गिरि की देखरेख में व्यवस्थापक राजेश व अभिमन्यू तिवारी, रमेश वधावन नवीन चौबे आदि ने संयोजन में सहयोग किया।

### घर-घर जाकर बच्चों का स्कूल में कराया दाखिला

**वाराणसी/देवभूमि मिरर**



**वाराणसी।** प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय होलापुर? में नामांकन उत्सव रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार और नोडल मनोज सिंह थे। प्रधानाध्यापिका सरिता प्रजापति, प्रबंध समिति के अध्यक्ष उर्मिला देवी, शिक्षक संकुल अखिलेश पांडेय, योगेंद्र कुमार सहित दोनों विद्यालयों के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं 100 से अधिक ग्रामवासी और 500 से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। रैली निकालकर बच्चों के घर जाकर नामांकन किया गया। नामांकित कक्षा एक के सभी नवप्रवेशी बच्चों को माल्यार्पण के साथ पुरस्कृत किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। विद्यालय में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राए एवं सर्वाधिक उपस्थिति के छात्र छात्राएं भी पुरस्कृत हुए।

### गंगा आरती में अचानक पहुंचे बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा

**वाराणसी/देवभूमि मिरर**



वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा होने वाली विश्व विख्यात मां गंगा की आरती में आज बॉलीवुड अभिनेता वरुण शर्मा शामिल हुए मां भगवती की आरती देख कर अभिनेता अभिभूत नजर आए कभी वीडियो बनाते तो कभी हाथ जोड़ मां गंगा से प्रार्थना करते दिखाई दिए। इस दौरान गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव हनुमान यादव द्वारा अंगवस्त्र प्रसाद देकर स्वागत किया। गंगा सेवा निधि के विजिटर बुक में लिखा की आरती देखकर बहुत ही धार्मिक अनुभव रहा..मां गंगा की आरती का दृश्य बहुत खूबसूरत है। मन को बहुत शांति प्राप्त हुई। इस दौरान दशाश्वमेध घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने अभिनेता को चूचा चूचा कह कर बुलाने लगे।

### कच्ची शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वाराणसी/देवभूमि मिरर**



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध, अपराधियों व अवैध शराब की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 18.04.2024 को थाना बड़ागाँव व आबकारी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध कच्ची शराब का व्यापार करने वाले अभियुक्त 1. रमेश चन्द्र को बड़ागाँव पानी टंकी के पास से गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब को बरामद किया।

### साहब इस जाम से आखिर कब निजात दिलाएंगे...


**वाराणसी/देवभूमि मिरर**



वाराणसी। सुबह दोपहर शाम लगता है जाम... धूप धूल प्रदूषण फाक रहा है आम जनमानस... बच्चे युवा बुजुर्ग जाम में हो जाते हैं परेशान... एम्बुलेंस स्कूल बस पर्यटक जाम के झाम में प्रतिदिन फंसे रहते हैं... यह पूरी घटनाक्रम बनारस में कई जगह है... जिसमें मुख्य रूप से मंडुवाडीह क्षेत्र के मंडुवाडीह चौराहा, लहरतारा चौराहा, भिखारीपुर चौराहा, भयंकर जाम की चपेट से आम जनमानस काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारी अगर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते तो, जनता को जाम की समस्याओं से बहुत हद तक राहत मिल सकती है।

### किसान मोर्चा के सह प्रभारी ने अपने परिवार साथ किया मतदान

**युगल किशोर मिश्र/देवभूमि मिरर**



गया ।लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अपने बूथ संख्या 200 समीर तकिया मध्य विद्यालय पर जाकर पूरे परिवार के साथ मतदान किया मतदान के बाद अपील करते हुए कहा डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा लोकतंत्र के महान पर्व पर सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि लोकतंत्र का महान पर्व है यह पर्व 5 वर्षों के लिए निर्वाचित सरकार बनेगी जिस तरह मतदाता का रुझान है गया विधानसभा से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार को काफी बढ़त मिलेगा सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया कि भीषण गर्मी में भी कतारबघ होकर अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं।

### नगरोटा बगवां के कलेड में आसमानी बिजली गिरने से तीन गोशालाएं राख

नगरोटा बगवां। विकास खंड नगरोटा बगवां की ग्राम पंचायत कलेड में गुरुवार रात आसमानी बिजली गिरने से तीन गोशालाएं जलकर राख हो गई। ग्राम पंचायत कलेड की प्रधान बबीता देवी ने बताया कि देर रात करीब 1.30 बजे उन्हें घटनाक्रम की सूचना मिली तथा सूचना मिलते ही उन्होंने फायर ब्रिगेड तथा पंचों को सूचित किया तथा मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय गोशालाओं में मवेशी मौजूद थे,

# भाजपा प्रत्याशी को लेकर झूठी बयानबाजी कर रहे कांग्रेस नेता : गुप्ता

देवभूमि मिरर/सोलन



कांग्रेस नेता शिमला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को लेकर झूठी और तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं उनकी पार्टी के बागी विधायकों को लेकर मानहानि नोटिस का सामना कर रहे हैं। यह बात भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री के साक्ष्य है तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि सुरेश कश्यप ने बतौर सांसद शिमला पार्लियामेंट क्षेत्र की पंचायतों में करीब 19 करोड़ 30 लाख रुपए आवंटित किए हैं। इसमें अधिकांश निधि खर्च भी हो चुकी है। ऐसे में कांग्रेस को बेबुनियादी आरोपी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कश्यप ने केंद्र और प्रदेश के बीच सेतु का कार्य करते हुए आईआईएम धौलाकुआं, नाहन मेडिकल कॉलेज, चंडीगढ़–बद्दी रेल लाइन जैसे अनेकों परियोजनाओं को करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। उन्होंने कहा कि कश्यप ने अपने कार्यकाल में शिमला जिला के लिए 7 करोड़ 26 लाख, सोलन जिला के लिए 5 कोर्स 47 लाख और सिरमौर जिला के लिए 5 करोड़ 59 लाख रुपए आबंटित किए। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की फितरत है राजनीतिक लाभ उठाने के लिए वे झूठे आरोप लगाते हैं। पूर्व में भी कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल पर झूठे आरोप लगाए थे जिस पर उन्हें बाद में कोर्ट में हाथ जोड़कर माफी मांगनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि सुरेश कश्यप ने सांसद होने के साथ–साथ 2 वर्ष तक प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष का कार्यकाल भी संभाला। इस दौरान कोरोना काल में उन्होंने महिला मोर्चा युवा मोर्चा के साथ मिलकर लाखों लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि शिमला पार्लियामेंट्री से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी को छह बार सांसद रहे उनके पिता के कार्यकाल का लेखा जोखा जनता के बीच रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने जो कहा वो करके दिखाया और यदि सुरेश कश्यप प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां को जनता के बीच पहुंच रहे हैं

# सोलन में नेशनल हाईवे पर हुए अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

अश्वनी शर्मा/देवभूमि मिरर



**सोलन।** जिला प्रशासन सोलन ने हाई कोर्ट के आदेश की पालना करते हुए शनिवार को सोलन के सपरून सहित रबोन, समलेच में नेशनल हाईवे के किनारे लगी रेहड़ियों और वाहनों की अवैध पार्किंग को हटाने को कार्रवाई की। प्रशासनिक करवाई से सैंकड़ों रेहड़ी-फड़ी चालकों को रोजीरोटी पर संकट उत्पन हो गया है। वहीं मां शूलिनी रेहड़ी- फड़ी विकास समीति सपरून बाईपास सोलन ने शहरी निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार रेहड़ी- फड़ी चालकों को स्थाई ठिकाना दिलाने की मांग की है। इसकी एक प्रति राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी भेजी गई है। इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाईड वेडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया गया है। रेहड़ी-फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि रेहड़ी चालक सपरून बाईपास से हटने के लिए तैयार है परन्तु उन्हें भारत सरकार की स्ट्रीट वेन्डर एक्ट (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) 2014 के तहत एवं हिमाचल प्रदेश (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) स्कीम 2016 के तहत नगर निगम सोलन की तरफ से घोषित 10 वैन्डिंग जोन में विस्थापित किया जाए और नगर निगम सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन वेंडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवाएं ताकि रेहड़ी-फड़ी लाइसेंस धारक व गैर लाइसेंस धारकों को कारोबार की आसानी हो सके।

# मतदाता पंजीकरण एवं मतदान के लिए किया जागरूक : जगदीश नेगी

देवभूमि मिरर/सोलन



जिला सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुग्गाघाट में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश नेगी ने की। डॉ. जगदीश नेगी द्वारा उपस्थित जनों को मतदान के लिए जागरूक किया गया तथा एक–एक मत का महत्व समझाया गया। उन्होंने इस मौके पर करना है मतदान हमें तो करना है मतदान गीत के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हेमेंद्र शर्मा द्वारा 18 वर्ष की अधिक आयु के युवाओं की मतदाता पहचान पत्र बनाने एवं मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने मतदान दिवस वाले दिन मतदान अवश्य करने बारे भी शपथ दिलाई गई। नोडल अधिकारी द्वारा 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को फॉर्म 12डी भरने बारे भी अवगत करवाया गया।

उप जिला शिक्षा अधिकारी सोलन डॉ. राजकुमार पराशर द्वारा भी उपस्थित जनों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य मीना वर्मा, स्टाफ, बी.एड प्रशिक्षु, एस.एम.सी. के प्रधान एवं सदस्य व लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पुलिस ने 8 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

देवभूमि मिरर/सोलन




छात्रों को नशे के कुचक्र से बचाने के उद्देश्य से सोलन पुलिस अब जिला के शैक्षणिक संस्थानों के आस–पास नशा तस्करों की गतिविधियों पर लगातार कड़ी नजर रखे हुए हैं। नशा तस्कर शैक्षणिक संस्थानों के आस–पास नशे के सामान बचने के फिराक में रहते हैं। इस गिरोह पर शिकंजा कसते हुए पुलिस थाना कंडाघाट की एक टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतू वाकनाघाट क्षेत्र में मौजूद थी तो इस टीम को सूचना मिली कि दो लड़के जिनके नाम स्नेहल राणा व रजत विष्ट है। दोनों मिलकर जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में छात्रों को चिटटा/हैरोईन बेचने की फिराक में है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों युवकों स्नेहल राणा पुत्र कुलदीप सिंह राणा निवासी तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा हि० प्र० उम्र 22 वर्ष व रजत बिष्ट पुत्र सुरेश कुमार निवासी चौतडा तहसील जोगिंदर नगर जिला मंडी हि० प्र० उम्र 26 वर्ष को लगभग 8 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि इस सन्दर्भ में अभियोग 7 अप्रैल एनडीपीएस धारा के तहत पुलिस थाना कंडाघाट में पंजीकृत किया गया है । उपरोक्त दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत रिमांड पर है। इन आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। अभियोग का अन्वेषण जारी है।

# हाइकोर्ट के निर्देशों के बाद सोलन शहर में प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण

देवभूमि मिरर/सोलन



कालका शिमला नेशनल हाईवे 5 पर लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने मुहिम छेड़ दी है। 2 दिन की मुहिम जिला प्रशासन सोलन द्वारा की जा रही जिसमें एनएच किनारे किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है इसमें अवैध पार्किंग,अवैध रूप से लगाई गई रेहड़ियां प्रशासन द्वारा हटाई जा रही है। शनिवार को शहर के सपरून बाईपास में एनएच किनारे लगी अवैध रूप से रेहड़ियां जेसीबी की मदद से हटाई गई है और लोगों को यहां पर न बैठने की हिदायत दी गई है। वहीं सोमवार को भी यह मुहिम सोलन में जारी रहने वाली है। सोलन में शहर के शमलेच, सब्जी मंडी के पास का एरिया और सलोगड़ा तक यह मुहिम प्रशासन जारी रखी जाएगी जिसमें, एसडीएम सोलन,नगर निगम सोलन के अधिकारी पुलिस विभाग के अधिकारी और तहसीलदार और पटवारी की एक टीम बनाई गई है। सोलन शहर में एनएच किनारे बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर हाइकोर्ट से जिला प्रशासन को यह आदेश प्राप्त हुए है। एसडीएम सोलन डॉ पूनम बंसल जानकारी हाईकोर्ट के निदेर्शों के बाद आज सोलन शहर के सपरून बाईपास में अवैध तौर पर लगाई गई रेहड़ियों को हटाया गया है और उन्हें यहां पर न बैठने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि रेहड़ी धारकों के लिए नगर निगम सोलन द्वारा वेंडर मार्केट का निर्माण किया गया है ऐसे में वे लोग वहां पर बैठ सकते हैं लेकिन एनएच किनारे अब किसी भी तरह से अवैध रेहड़ी नहीं लगने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक यह मुहिम शहर में चलने वाली है जिसके तहत सलोगड़ा, शहर और सपरून बाईपास मऔर शमलेच में अवैध पार्किंग, कब्जों और रेहड़ियों को हटाया जाना है।

# आईआईएम सिरमौर में शुरू हुए ईएमबीए के नए दो कोर्स

देवभूमि मिरर/नाहन

आईआईएम सिरमौर में ईएमबीए के नए दो प्रतिष्ठित कार्सिज का शुभारंभ हो गया है। इस प्रतिष्ठित संस्थान में टाइम्सप्रो के सहयोग से एक्जीक्यूटिव मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ईएमबीए) और ईएमबीए–डीटीए (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड एनालिटिक्स) कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसी के साथ आईआईएम सिरमौर ने अकादमिक उत्कृष्टता के साथ उद्योग विशेषज्ञता का मिश्रण करते हुए कार्यकारी शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। आईआईएम सिरमौर के निदेशक डॉ. प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों के ओरिएंटेशन के महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए संकाय सदस्य, उद्योग जगत के सदस्य और भावी छात्र एकत्र हुए। इस दौरान आकर्षक चचाओं और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से उपस्थित लोगों ने इन ईएमबीए कार्यक्रमों की विशिष्ट विशेषताओं और परिवर्तनकारी क्षमता में अमूल्य अंतर्दृष्टि हासिल की। डॉ. प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि संस्थान में दो ईएमबीए कोर्स पेश करते हुए खुशी हो रही है, जिनमें से प्रत्येक को आज के गतिशील बाजार में बिजनेस लीडर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह सफल लांच शीर्ष स्तरीय कार्यकारी शिक्षा प्रदान करने और उद्योग के साथ प्रभावशाली सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। टाइम्सप्रो के सहयोग से पेश किया गया ईएमबीए कार्यक्रम भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर की अकादमिक कठोरता को टाइम्सप्रो की उद्योग अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ता है, जो प्रतिभागियों को वास्तविक दुनिया के दृष्टिकोण से समृद्ध एक व्यापक सीखने का अनुभव प्रदान करता है।

# फिर बढ़ी बाजार में रौनक

## सोलन के मॉल रोड, चौक बाजार,लक्कड़ बाजार में जमकर के खरीददारी कर रहे ग्राहक

देवभूमि मिरर/सोलन



ठंड का असर कम होते ही सोलन बाजार में गर्मियों का फैशन दस्तक देने लगा है। कॉटन, जार्जेट, और नर्म डेनिम से बने डिजाइनर कपड़ों से सोलन बाजार का रंग बदल रहा है। ग्राहकों को लुभाने के लिए दुकानों के शो–केस में कोल्ड शोल्डर टॉप, डेनिम शर्ट, प्लाजो, प्रिंटेट टी शर्ट और एंकल जींस के साथ ही स्लीव लेस टी–शर्ट का डिस्प्ले लगाया जा रहा है। व्यापारियों की मानें तो अगले कुछ दिनों में बाजार में सर्द सीजन के कपड़े पूरी तरह से हट जाएंगे। इसलिए अभी से गर्मियों के कपड़ों को शो–केस में रखा जा रहा है। सोलन शहर के बड़े शॉपिंग मॉल के साथ ही छोटे क्लाथ स्टोर और दुकानों में भी गर्मी के कपड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार में गर्मियों के कपड़े खरीदने के लिए भीड़ बढ़ रही है। सोलन के मॉल रोड,आनंद काम्प्लेक्स, चौक बाजार,लक्कड़ बाजार,गंज बाजार,उप्पर मार्किट में युवक युवतियां ख?ीदारी करने पहुँच रहे है । बाजार में अब नर्म डेनिम, जार्जेट, काटन, व सिल्क से बने विभिन्न डिजाइनों वाले कपड़े आकर्षक रंग व लुक में दिख रहे हैं। सोलन बाजार में कपड़ों को लेकर बाजार का ट्रेंड बदल गया है।

ऐसे में दुकानदार आकर्षक और चटक रंग के कपड़े लाना पंसद करते हैं।

# विजेश्वर महादेव-देव दयारश मंदिर में 80 बटुकों ने ली गुरु दीक्षा

सोलन। चामत-भड़ेच पंचायत स्थित विजेश्वर महादेव व देव दयारश मंदिर में दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का वीरवार देर शाम को समापन हो गया। मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 80 किशोरों व युवाओं का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। इस दौरान संस्कृत महाविद्यालय सोलन से पूर्व प्रधानाचार्य डा. लेखराम शर्मा ने उन्हें गुरु दीक्षा दी। उन्होंने युवाओं व किशोरों को रोजाना संध्या बंधन करने के लिए कहा। साथ ही ब्रह्मचर्य का पालन करने, नशे से दूर रहने और बड़ों का आदर करने की भी संदेश दिया। इस दौरान यज्ञाचार्य दिनेश शर्मा, पंडित वेद प्रकाश शर्मा और चंद्रदत्त शास्त्री विशेषतौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह भी मंदिर समिति की ओर से करवाया गया। इसमें कन्या के पिता नहीं थे, जिस पर मंदिर समिति ने उसके विवाह का पूरा प्रबंध करवाया। सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा ने बताया कि इसमें 80 किशोरों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। बुधवार को पूर्वांग पूजन व तेल-बटणा किया गया। वहीं, वीरवार सुबह 9 बजे यज्ञोपवीत धारण संस्कार हुआ। वहीं दोपहर 12 बजे बटुकों को उपदेश दिया गया। यज्ञोपवीत संस्कार के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# छात्रों को समझाई करियर में कम्युनिकेशन की अहमियत

बीबीएन। महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ बेसिक एंड अप्लाइड साइंसेज द्वारा कॉपिंटिटिव एग्जामिनेशन सेल के तत्वाधान में को इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के डा. नंदूरी राज गोपाल ने सत्र के दौरान एलीवेटिंग योर कम्युनिकेशन इफेक्टिव मेथड्स फर वोके वलरी डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को प्रभावी संचार कौशल के लिए भाषा की मूलभूत अवधारणाओं और भूमिकाओं से परिचित कराया। उन्होंने शब्दावली के विकास में मातृभाषा की भूमिका के साथ-साथ शब्द मूल, उपसर्ग और प्रत्यय के माध्यम से शब्दावली को बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया।

# न्यूज एक्सप्रेस

## कपड़े की दुकान में आग से लाखों का नुकसान

अर्की। पुराने बस अड्डे अर्की के समीप कल रात साढ़े आठ बजे के करीब कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। जानकारी देते हुए सागर क्लॉथ हाउस के मालिक सागर ने बताया कि कल रात उन्हें दुकान बंद किए हुए अभी पंद्रह से बीस मिनट ही हुए थे कि उन्हें फोन द्वारा सूचित किया कि उनकी दुकान से धुंआ उठ रहा है, वह उसी समय अपनी दुकान में पहुंचे तो देखा कि उनकी दुकान में रखा कपड़ा जल रहा है तभी आस–पास के लोगों ने अग्निशमन केंद्र में फोन कर दिया व आग पर काबू पा लिया गया। आज सुबह स्थानीय विधायक सीपीएस संजय अवस्थी ने भी मौके पर पहुंच हुए नुकसान का जायजा लिया और कहा कि इनकी जो भी मदद होग कि जाएगी।

## नालागढ़ में संदिग्ध हालात में मिला प्रवासी का शव

**नालागढ़। औद्योगिक** कस्बे नालागढ़. के तहत शराब के ठेके के पास पुलिया के नीचे से एक प्रवासी का शव संदिग्ध हालातों में बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। एसएचओ नालागढ़ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की शराब के ठेके के पास पुलिया के नीचे एक व्यक्ति मृत पड़ा है, इस पर पुलिस टीम ने मौके का दौरा किया तो पाया कि एक व्यकित पानी में औंधे मुंह गिरा हुआ। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिक्तिसकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ ने बताया कि मृतक की अभी तक शिनाख्त नही हुई है, शव को सीएचसी नालागढ़ के शव गृह में रखा गया है।

## जौणाजी रोड पर कार के ऊपर गिरा पेड़

सोलन। शहर सहित अधिकांश भागों में शुक्रवार शाम को चले अंधड़ व बारिश ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया। शाम पांच एकाएक मौसम ऐसा बना कि दिन में अंधेरा छा गया और वाहन चालकों को लाइटें जलानी पड़ गई। इन तेज हवाओं के चलने से छुटपुट घटनाओं को छोडकर कोई बड़ा मामला सामने नहीं आया है। वीरवार देर रात करीब दो बजे अंधड़ चलने के बाद जिला के अधिकांश हिस्सों में बारिश भी हुई थी। लेकिन सुबह होते मौसम साफ हो गया था और शुक्रवार को खिली धूप से लोग परेशान हो गए थे। हालांकि शहर में दोपहर बाद आसमान में बादलों ने एक बार फिर से डेरा जमा लिया था, लेकिन वह बरसे नहीं। लेकिन शाम होते–होते मौसम बेहद ज्यादा खराब हो गया और शाम करीब पांच बजे घने काले बादलों ने आसमान में डेरा जमा लिया, जिससे दिन के समय ही अंधेरा छा गया।

## भैला पंचायत में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

नाहन। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पांवटा साहिब–58 की उपमंडल स्तरीय स्वीप टीम ने सहायक निर्वाचन अधिकारी पांवटा साहिब गुंजित सिंह चीमा के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत भैला में सुव्यवस्थित मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। स्वीप टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि भैला पंचायत में अपनी निजी व्यस्तताओं के वावजूद भारी संख्या में मतदाताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जोगिंदर शर्मा ने पहाड़ी भाषा में रचित "सबे जुणे वोट पाए"कविता से किया। स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर धनवीर चौहान ने सभी मौजूद मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप आगामी लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र में अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग ने घर से ही मतदान की व्यवस्था की है। जिला सिरमौर निर्वाचन आईकॉन जीवन प्रकाश जोशी ने कहा कि 1 जून 2024 को सभी मतदाता अभियान केंद्र पर जाकर हर्षोल्लास के साथ लोकतांत्रिक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। हमारे सांस्कृतिक धार्मिक पर्वो की भांति चुनाव हमारा राष्ट्रीय पर्व है।

## हरियाणा निवासी के कब्जे से 2.19 ग्राम मिला चिट्टा, आरोपी पकड़ा। अन्य केस में शराब बरामद

नाहन। पुलिस थाना कालाअंब की टीम ने गश्त के दौरान कालाअंब चौक पर हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार उर्फ सिल्ला, निवासी गदौली तहसील नारायणगढ, जिला अम्बाला हरियाणा के कब्जे से 2.19 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कालाअंब थाना में मामला दर्ज किया गया है। मामले में जांच जारी है। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में पुलिस टीम ने गश्त के मोगीनन्द के समीप एक व्यक्ति विनोद कुमार, निवासी गांव सलानी के कब्जे से देशी शराब की 12 बोतलें बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## लोकसभा निर्वाचन के संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रथम रेंडमाइजेशन

सोलन। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज जिला सोलन के एन.आई.सी. मुख्यालय में लोक सभा निर्वाचन–2024 के संचालन के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निदेर्शों के अनुसार डी.आई.एस.ई. सॉफ्टवेयर में प्रथम यादृच्छिकरण ळफ्ंल्लेडिंर२३ङ्खल्ल) किया। मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिला से कुल 3516 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्वाचन ड्यूटी के लिए प्राथमिक व द्वितीय पूर्वाभ्यास के लिए नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक बद्दी इलमा अफरोज, अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव, जिला सूचना व विज्ञान अधिकारी संजीव कुमार, सहायक जिला सूचना व विज्ञान अधिकारी श्वेताश्व शतक, तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर, अधीक्षक बाबु राम चौधरी भी उपस्थित थे।

## आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्ज को नहीं दे रही केंद्र सरकार समय से वेतन ओए

नाहन। आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर फेडरेशन ऑफ इंडिया संबंधित सीटू की जिला महासचिव वीना शर्मा अध्यक्षा नीलम शर्मा, पांवटा प्रोजेक्ट महासचिव देवकुमारी, अध्यक्षा इंदु तोमर, नाहन प्रोजेक्ट की अध्यक्षा शीला ठाकुर, सराहां प्रोजेक्ट की अध्यक्षा शामा, महासचिव किरण भंडारी, सगड़ाह की अध्यक्षा किरण ठाकुर, धन्वंती, राजगढ़ की अध्यक्षा शशि ठाकुर, कमलेश लता ने कहा है कि आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर को हर बार पिछले कई माह से केंद्र सरकार की तरफ से आने वाला मानदेय उन्हें समय पर पूरा वेतन नहीं मिल रहा है। एक तरफ तो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है।

# 1982 के बाद एक बार फिर कांग्रेस के तारणहार बनेंगे मुसाफिर

देवभूमि मिरर/नाहन



भारी दलबल के साथ 2022 के बाद गंगू राम मुसाफिर की घर वापसी ने भाजपा खेमे में संकट खड़ा कर दिया है। 1982 में वन विभाग की नौकरी से इस्तीफा देने के बाद निर्दलीय चुनाव जीत मुसाफिर अल्पमत रही कांग्रेस सरकार के लिए सरकार बनाने में अहम साबित हुए थे। वहीं निष्कासन के बाद उनकी वापसी कांग्रेस के लिए एक बार फिर तारणहारी साबित होने जा रही है। मुसाफिर की घर वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी की लोकसभा चुनाव में दिक्कतें भी बढ़ती हुई नजर आती हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि जिस विधानसभा क्षेत्र पच्छाद से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप तालुक रखते हैं उसी से गंगू राम मुसाफिर भी संबंध रखते हैं। बता दें कि गंगूराम मुसाफिर पहले वन विभाग में नौकरी करते थे, 1982 में वह नौकरी से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। उस दौरान चुनाव में कांग्रेस के पास बहुमत नहीं था लिहाजा जीआर मुसाफिर के समर्थन से सरकार बनी थी। मुसाफिर को उस दौरान मंत्री भी बनाया गया था। जीआर मुसाफिर 1985 से 2007 तक कांग्रेस के टिकट पर विधायक रहे हैं। मुसाफिर को सबसे पहले वन एवं उद्योग फिर शिक्षा मंत्री, सहकारिता विभाग मंत्री, परिवहन मंत्रालय और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भी बनाया गया। 2003 से लेकर 2008 तक मुसाफिर विधानसभा अध्यक्ष रहे।

# शोरूम से चोरी हुआ सामान बरामद

देवभूमि मिरर/धर्मपुर



धर्मपुर थाना के अंतर्गत जाबली में कंपनी के एक शोरूम से सामान चुराने वाले आरोपी हेल्पर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल को राज आनंद प्यूमा शोरूम जाबली ने थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि यह जाबली में प्यूमा और अन्य ब्रांड का शोरुम चलाते हैं। लगभग डेढ़ महीना पहले इसने अपने शोरुम में तुषार व साहिल नामक दो लडकों को हेल्पर रखा था। बीती दस अप्रैल को जब तुषार व साहिल शोरूम बंद करके अपने घर जा रहे थे तो तुषार का बैग सामान से भरा था, जिस पर इनके मैनेजर रजत ने तुषार के बैग को चैक किया तो उसमें शोरूम के अंदर से चुराया गया सामान कपड़े, जूते व जुराबें आदि बरामद हुई, जिसे ये लोग चोरी कर-के ले जा रहे थे। इसके उपरांत जब इन्होनें अपने स्टॉक को चैक किया

# देश को नई दिशा देगा भाजपा का संकल्प पत्र : राकेश गर्ग

देवभूमि मिरर/नाहन

सिरमौर जिला भाजपा प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा है कि भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र देश को एक नई दिशा देने वाला है उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में कई ऐसे निर्णय पार्टी द्वारा लिए गए हैं जो आने वाले समय में समाज से जुड़े हर वर्ग के उत्थान में कारगर साबित होगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत शामिल करने का जो निर्णय लिया गया है जो बेहद सराहनीय है वहीं दूसरी तरफ गरीब तबके से ताल्लुक रखने वाल वाले लोगों को अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन ,गैस कनेक्शन और पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली की व्यवस्था करने की भी बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में अस्पतालों में उच्च किस्म की दवाइयां उपलब्ध करवाने , शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में ओबीसी ,रळ रउ समुदाय को हर क्षेत्र में सम्मान देने की भी बात कही गई है उन्हें कहा कि निश्चित तौर पर भाजपा का यह संकल्प पत्र एक नई दिशा देने वाला होगा और आने वाले समय में इसके परिणाम भी देखने को मिले।

## पुलिस तथा परिवहन निगम के कर्मियों को ईडीसी तथा पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मिलेगी मतदान की सुविधा

देवभूमि मिरर/चंबा



उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस तथा राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत ईडीसी तथा पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर आज उनके कार्यलय कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। मुकेश रेपसवाल ने संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी कर्मियों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तैनात कर्मियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट ( ईडीसी) तथा दूसरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ईडीसी के लिए 12 ए फॉर्म भरना होगा तथा पोस्ट बेल्ट पेपर प्राप्त करने के लिए 12 नंबर फॉर्म आवश्यक रहेगा। विभागीय नोडल अधिकारी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी को सूची प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि ईडीसी के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी संबंधित मतदान केंद्र में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। पोस्ट बेल्ट पेपर के माध्यम से मतदान करने के लिए चुनाव पूर्वाभ्यास के दौरान संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## मोदी ने विकास का मुख और बजट का रुख गांव की तरफ मोड़ा है : जीत राम कटवाल

राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर



आज झंडूता विधायक जीत राम कटवाल झंडूता जोन के 4 ग्राम केंद्रो के बूथ अध्यक्षों और कार्यकताओं की बैठक को संबोधित किया। झंडुता विधायक जीत राम कटवाल ने मेरा संकल्प विकसित भारत की पद यात्रा में जनता से जन सम्वाद किया और केंद्र सरकार की चलाई गयी सेंकडो परियोजनाओं से भी जनता को अवगत कराया सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय से नरेंद्र मोदी जी कार्य कर है । भाजपा एक ऐसी सरकार है जो की जनता के हित में कार्य करती है तभी आज 2 शीटों से 303 शीटों पर आई है और इस साल भाजपा 400 से ऊपर शीटें जीतेगी । उन्होंने बताया की मोदी जी ने विकास का मुख और बजट का रुख गांव की तरफ मोड़ा है । उन्होंने मोदी जी के चार वर्गों पर जोर डालते हुए कहा कि मोदी जी का मन्त्र है और हमारी सरकार का ध्येय महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों का समृद्ध विकास करना है और मोदी जी ने पिछले 10 सालों में यह करके दिखाया है। उन्होंने कहाँ मोदी सरकार ने महिलाओं को जो किया वो आजतक किसी ने नही किया। सुकन्या समृद्धि योजना, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने से आर्थिक रूप से मजबूत होना ,महिला सम्मान बचत पत्र योजना के जरिए 2 लाख रुपये तक निवेश पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलना,ग्रामीण महिलाओं के लिए महिला शक्ति केंद्र स्कीम लाना , प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को बच्चे के जन्म पर 5000 रुपये देना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कलनेक्शन और सिलिंडर देना ,महिला ई–हाट स्कीम शुरू करना,महिलाओं के लिए कई स्टार्टअप स्कीम, स्टॉप सेंटर स्कीम, जिसके तहत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे मिलना, मातृत्व वंदन योजना के तहत गर्भ में बच्चों को पौष्टिक आहार योजना, शिशु का जन्म अस्पताल में कराने का बड़ा अभियान चला, बेटियों और महिलाओ के लिए करोड़ों शौचालय बनाने का अभियान आदि सेंकडो योजनाएं मोदी जी द्वारा चलाई गयी है। इसके बाद उन्होंने मोदी जी द्वारा चलाई गयी

## मोदी के नाम पर कब तक वोट मांगेंगे अनुराग ठाकुर: संदीप सांख्यान

राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता तथा लोस चुनावों दृष्टिगत एआईसीसी से प्रदेश कांग्रेस में मीडिया समन्वयक का अतिरिक्त दायित्व संभाल रहे युवा संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर से सवालों के कटघरे में खड़ा कर जबाव मांगा है कि कम से अपने विभाग की उपलब्धियों को ही जनता के बीच रख दें क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर कब तक अपनी किस्मत को आजमा ओगे। संदीप सांख्यान ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय युवा सेवाएं, खेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर अपने ही मंत्रालय से कम से कम अपने ही लोकसभा क्षेत्र का विकास करने में फिसड्डी साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का रोना रोने वाले भाजपा नेता या इन माननीय के अनुयायी कम से इस संसदीय क्षेत्र में आने वाली 17 विधानसभाओं में क्रिकेट ही के विकास का विवरण दे देते, बाकि खेलों का इनके कार्यकाल में कितना बेड़ा गर्क हुआ है इसका पता अपने आसपास के खेल गतिविधियों या खिलाड़ियों को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। इनके सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की बात करें तो यहां भी केंद्रीय मंत्री कोई दिग्विजय हासिल करने में पूर्णतया असफल रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि अनुराग ठाकुर ने अपने ही मंत्रालय की गतिविधियों को लेकर हिमाचल प्रदेश में कोई भी उपलब्धि हासिल नहीं की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अपने मंत्रालय का सदुपयोग कर पाने में असफल साबित हुए है। उन्होंने की हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के लिए एक भी कार्यक्रम और वित्त प्रबंधन का काम नहीं कियाए जबकि उनके पास सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय था हिनाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और उसके संवर्द्धन के लिए बहुत कुछ कर सकते थे। यूं तो संपूर्ण हिमाचल पौराणिक, धार्मिक तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा ऐतिहासिक जानकारियां अपने में संजोए हैं

## मॉकड्रिल में बताएं आग से बचने के तरीके

देवभूमि मिरर/सलूणी



राजकीय महाविद्यालय सलूणी में शुक्रवार को अग्निशमन सेवा एवं जागरूकता सप्ताह के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग सलूणी के इंचार्ज पवन राणा ने विद्यार्थियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को मौखिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक विधि द्वारा आग से बचाव के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आग व उनको बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगाकर बताया कि कैसे हम सुरक्षित तरीकों से विस्फोट होने से बचा सकते हैं। आग लगने जैसी आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग के हेल्प लाइन नंबर पर काल करके सूचना दें। उन्होंने महाविद्यालय के एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवियों को आपातकालीन स्थिति में वे एक जागरूक नागरिक बनकर अग्निशमन विभाग और लोगों की मदद कर सकते हैं, के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहिंद्र कुमार सलारिया, सहायक आचार्य पंकज कुमार, सहायक आचार्य गुरदेव सिंह, प्रो. पिंकी देवी, सहायक आचार्य दिनेश कुमार शामिल रहे। डलहौजी। अग्निशमन विभाग की ओर से मनाए जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को अग्निशमन चौकी बनीखेत के कर्मचारियों ने एयरफोर्स के सहयोग से मॉक ड्रिल का आयोजन किया। माक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव को लेकर संयुक्त पूर्वाभ्यास किया गया।

## भाजपा जनता को छलने के लिए तैयार, संकल्प पत्र से महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे गायबः सुनीत कुमार

देवभूमि रिमर/बिलासपुर

कांग्रेस के युवा नेता व अखिल भारतीय आल इंडिया कांग्रेस ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सुनीत कुमार ने प्रैस को जारी बयान में कहा है कि दो बार राज कर चुकी भाजपा एक बार देश की जनता को जुमलों के माध्यम से छलने के लिए तैयार है। भाजपा द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र में मंहगाई और बेरोजगारी जैसे मसले गायब हैं। जिससे पता चलता है कि एनडीए सरकार देश की जनता विशेषकर युवाओं के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंहगाई की बात ही नहीं कर रही है जबकि हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वायदा भी हवा हुआ है। उन्होंने कहा कि बात यदि हिमाचल प्रदेश की करें तो यहां के युवा बाहरी राज्यों में रोजगार तलाश कर रहे हैं तथा बहुत कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर हैं। बाहरी राज्यों में शोषण का शिकार हो रहे युवाओं के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया है। बिलासपुर जिला के पढ़े लिखे तथा शिक्षित व प्रशिक्षित युवा बद्दी, नालागढ़, परवाणू, चंडीगढ़ में रोजगार के लिए पिस रहे हैं। सुनीत कुमार ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अपने संसदीय क्षेत्र में कोई भी ओद्योगिक इकाई तक नहीं लगा पाए जिससे यहां के युवाओं को अपने घरों के नजदीक रोजगार मिलता और वे अपने परिवार तथा माता पिता की सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन लोक सभा चुनावों में निकाले गए संकल्प पत्र में देश की जनता को ठगने का पूरा प्रबंध किया है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में दो महत्वपूर्ण मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी गायब है। मोदी सरकार इन मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहती है । आज महंगाई चरम सीमा पर है इससे लोगों के जीवन पर गहरा असर पड़ रहा है पेट्रोलए डीजलए रसोई गैस ए खाद्य सामग्री तथा रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाली वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है।

## डियारा सेक्टर मे दहाजा की मनमोहक प्रस्तुतियां देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु सच्ची सरकार की श्रद्धा में विशाल दहाजा का आयोजन

देवभूमि मिरर/बिलासपुर



शहर के डियारा सेक्टर में बीती शाम सच्ची सरकार यानि बाबा सिद्ध चानो जी का दहाजा बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समैला से विशेष रूप से आई दहाजा पार्टी ने पूजा अर्चना और स्वांग आदि से खूब समा बांधा। इस दल के कलाकारों की अदाकारियों से लोग सुबह तक झूमते रहे। बीती राम हालांकि बारिश की फुहारों ने कुछ खलल डाला लेकिन दहाजा कलाकारों और दर्शकों के हौंसले बुलंद रहे तथा लोगों ने भोर होने तक दहाजा का पूरा आनंद उठाया। बिलासपुर के समाजसेवी एवं ठेकेदार विनय कुमार बंटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए दूर दूर से लोग आए थे। शाम को करीब आठ बजे दहाजा पार्टी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा जी के थले पर स्थापना की गई जहां पर सभी श्रद्धालुओं ने मात्था टेका तथा अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। सभी आगंतुकों के लिए विशेष कहलूरी धाम का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला के प्रसिद्ध बोटी काकू भाई धौलरा वाले द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों का जनता ने लुत्फ उठाया। वहीं दहाजा पार्टी के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण जी के बाल रूप की पहली झांकी प्रस्तुत की। जिसमें आयोजकों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी की आरती की गई और आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलाओं को गीत और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया तो सारा माहौल भक्तिमय हो गया। इसके साथ ही कलाकारों ने विभिन्न भेष धारण कर मनसुखा, पहाड़ी गद्दी, भौरा की कथा आदि अभिनय कर प्रस्तुत की। इसमें भौरा द्वारा सिर और हाथों में आग का करतब आकर्षण का केंद्र रहा।

## सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक

### महिला मतदान का शत-प्रतिशत में वृद्धि के लिए किया जागरूक

देवभूमि मिरर/भरमौर



लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत आज भरमौर उपमंडल के 74- बकान, 145-कुलेठ, 126-ग्रीमा-2 और 130-भाटडा व रूणुकोठी के मतदान बूथो में स्वीप गतिविधिया आयोजित की गई। सैक्टर आफिसर और टीमो के माध्यम से महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का शत प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओ में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु स्वीप गतिविधियां का आयोजन किया गया। स्वीप (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, मतदाता सूची में उनके मौजूदा विवरणों को सही करने और स्थानांतरित और मृत परिवार के सदस्यों के नाम हटाने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक हैं और सभी मतदाताओं को मतदान करके अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को मतदान के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि ,सहित आदि

## जिला भाषा संस्कृति भवन बिलासपुर में लोक संपर्क अधिकारी संजय सूद ने मासिक गोष्ठी का किया आयोजन

राजेश मिश्रा/देवभूमि मिरर



**बिलासपुर।** समाज की सजगता कवि या लेखक के भावयोग और संस्कृति का संरक्षण कलाकर्म के सत्त सहयोग पर भी निर्भर करता है। जिला लोक संपर्क अधिकारी संजय सूद ने आज जिला भाषा अधिकारी कार्यालय बिलासपुर स्थित संस्कृति भवन मैं जिला भाषा कार्यालय द्वारा अयोजित मासिक गोष्ठी तथा अमर ज्योति सांस्कृतिक कला मंच घुमारवीं द्वारा आयोजित संस्कार एवम लोक गीत कार्यक्रम अयोजन के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर समाज को लेखक व कलाकारों ने अपने अनुभवों से मार्गदर्शन प्रदान किया है । उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां स्थानीय लोगों को प्रतिष्ठा मिलती है वही विलुप्त होती संस्कृति के संरक्षण को ऊर्जा भी मिलती है। अमर ज्योति कला मंच घुमारवीं के कलाकारों ने अमरावती के निर्देशन में संस्कार गीत, लोक गीत जिसमें बटना, घोड़ियां बधावा, सीटनिया शामिल है प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कलाकार बिमला शर्मा ,वीना , निम्मो जसवाल रीना ने अपनी मधुर आवाज में लोक गीतों को प्रस्तुत किया। मासिक गोष्ठी कार्यक्रम के अंतर्गत भाषा विभाग द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी अपनी कविताओं से समाज की विभिन्न कुरीतियों और भ्रांतियों पर सजग चोट की वही व्यंग्य के माध्यम से अपनी बात कही। कवि प्रदीप गुप्ता ने कवि सम्मेलन का शुभारंभ" लोग अब भी हमें चालाकी से लूटा करते हैं"

## तीसरे दिन भी बंद रही खड़ामुख-होली सड़क



देवभूमि मिरर/भरमौर

खड़ामुख-होली मार्ग पर हुए बड़े भू-स्खलन के तीसरे दिन भी सडक पर यातायात बहाल नहीं हो पाया है। करीब 15 मीटर सडक के हिस्से से अब मलबा हटाने को शेष रह गया है और विभाग के लिए भू-स्खलन स्थल के ऊपरी हिस्से में लटकी चट्टानें एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। लिहाजा अगर मुख्य सडक आगामी दिनों में बहाल हो भी जाती है, तो ऊपरी हिस्सों में गई गहरी दरारें और लटकी चट्टानें कब बरस पड़े कुछ कहा नहीं जा सकता है। इस स्थिति के चलते खड़ामुख-होली मार्ग पर सुचारू रूप से यातायात बहाल होने में ही लंबा समय लग सकता है। बता दें कि मंगलवार की मध्यरात्रि के बाद होली मार्ग पर दुंदा पुल के पास बड़ा भू-स्खलन हुआ था। इसके कारण मार्ग का 80 मीटर हिस्सा चट्टानों और मलबे के नीचे दफन हो गया। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने यहां कार्यरत हाईड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही कंपनी की मदद से सडक को यातायात के लिए बहाल करने का काम चला रखा है। लेकिन ऊपरी हिस्से से रूक-रूक कर मलबा और पत्थर आ रहे है और कार्य को यहां पर सुरक्षा के लिहाज से बीच-बीच में रोकना भी पड़ रहा है। भू-स्खलन स्थल पर सबसे बड़ी चुनौती ऊपरी हिस्से में लटकी चट्टानें है। होली मार्ग के ठीक ऊपर कुठेड़ हाईड्रो प्रोजेक्ट की एडिट छह के लिए रोड बनाया गया था,

## मौसम ने बदली करवट भरमौर में पहाड़ों पर बर्फबारी

देवभूमि मिरर/भरमौर

पशिचमी विक्षोभ के चलते अप्रैल माह में भी जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पहाड़ों की चोटियों पर हिमपात का दौर चला हुआ है। जबकि निचले इलाकों में भी रूक–रूक कर झमाझम बारिश हो रही है। ताजा बर्फबारी और बारिश के कारण क्षेत्र के तापमान में भी गिरावट आ गई है और सुबह–शाम ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है। जबकि बारिश की स्थिति में दिन के समय भी लोग गर्म कपड़ों में यहां लिपटने को मजबूर है। बहरहाल आगामी दिनों में भी मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने बारिश और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिससे आगामी दिनों में भी क्षेत्रवासियों को मौसम के कड़े तेवरों का सामना करना पड सकता है। उल्लेखनीय है कि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने उच्च पर्वतीय इलाकों समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और बर्फबारी को लेकर येलो और आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पिछले दिन से ही रूक–रूक कर बारिश का दौर चला हुआ है। जबकि पहाडों की चोटियों पर लगातार बर्फबारी हो रही है। उधर, शुक्रवार को सुबह आसमान में बादलों का डेरा रहा और इस दौरान सूर्यदेव के साथ लुकाछुपी का दौर भी चला। धूंप–छांव के दोपहर तक चले दौर के बाद अचानक से मेघों की गर्जना के साथ इलाके में बारिश का क्रम आरंभ हुआ है। इस दौरान हल्की ओलावृष्टि भी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में हुई है। इधर, मौसम के कड़े तेवरों के चलते इलाके के तापमान में भी गिरावट आ गई है और लोग गर्म कपड़ों में लिपटें नजर आ रहे है।

## न्यूज एक्सप्रेस

### चंबा के 557 घरों की कटेगी बिजली

चंबा। बिजली बोर्ड उपमंडल चंबा नंबर–दो ने खजियार, चनेड़, सरोल, मरेडी व साहो के 557 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन अस्थाई रूप से काटने के आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश जारी होने के बाद बिजली बोर्ड की टीमें बिजली कनेक्शन काटने के लिए फील्ड में भी उतर गई हैं। अस्थायी तौर पर कनेक्शन कटने के बाद डिफाल्टरों को दोबारा से कनेक्शन बहाली हेतु लंबित बिल राशि सहित 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क भी देना होगा। बिजली बोर्ड की इस कार्रवाई की भनक लगते ही डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया है। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता ई. अजय कुमार ने खबर की पुष्टि की है। बिजली बोर्ड उपमंडल नंबर–दो ने खजियार अनुभाग के 109, चनेड़ के 111, सरोल के 184, साहो के 82 और मरेडी के 81 चिंहित डिफाल्टर उपभोक्ताओं से साढ़े आठ लाख रुपए बिल राशि के तौर हासिल करने हैं।

### एक साल बाद भी चंबा–पनेला–साहो सडक की मरम्मत नहीं

चंबा। चंबा– पनेला– साहो मार्ग पर सरोथा नाला के पास भू–स्खलन की जद में आकर क्षतिग्रस्त हिस्से का करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मरम्मत कार्य करवाकर बस सेवा की बहाली की दिशा में कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस हिस्से पर छोटे वाहनों की आवाजाही की वैकल्पिक व्यवस्था भी बारिश के दिनों में आफत साबित हो रही है। बारिश होने पर इस क्षतिग्रस्त हिस्से में मिट्टी के कीचड़ में बदल जाने से विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। साथ ही मार्ग पर बस सेवा आरंभ न होने से शहर से सटी उटीप, कुम्हारका व बाट आदि पंचायतों के दर्जनों गांवों के लोगों विशेष सरकारी कर्मचारियों व स्कूली छात्रों को करीब एक किलोमीटर का पैदल फासला तय करके मुख्यालय का रूख करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से का मरम्मत कार्य करवाकर बस सेवा बहाल कर राहत प्रदान करने की मांग उठाई है ।उल्लेखनीय है कि करीब एक वर्ष पहले सरोथा नाला में निमार्णाधीन पुल की नींव खुदाई के कार्य के दौरान हुए भू–स्खलन से मार्ग का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया था।

### दिव्यांग मतदाता घर से करेंगे मतदान

तीसा। लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा सुपरवाइजर के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चुराह शशि पाल शर्मा ने की। उन्होंने चुनावों से संबंधित को विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित मतदाता की श्रेणी में 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मतदान करवाने के लिए आवश्यक दिशा– निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को मतदान दलों की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने को भी कहा। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने हेतु बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के गठन को लेकर भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने मिशन 414 के तहत जागरूकता गतिविधियों में दूरदराज के क्षेत्र को शामिल करने के निर्देश भी दिए।

### जंद्रीघाट सडक पर सफर जोखिम भरा

डलहौजी। पर्यटक नगरी डलहौजी के जंद्रीघाट (करेलनु) मार्ग के संवेदनशील हिस्से पर क्रैश बैरियर की सुरक्षा दीवार न होने के चलते सफर काफी जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग पर वाहन चालक की जरा सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोक निर्माण विभाग की ओर से भी अभी तक मार्ग के संवेदनशील हिस्सों में क्रैश बैरियर लगाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि डलहौजी का जंद्रीघाट मार्ग काफी संकरा व तीखे मोड़ वाला है। जहां सुरक्षा की दृष्टि से क्रैश बैरियर नहीं लगाए गए हैं। इस मार्ग पर चालक की मामूली सी चूक हो जाने अथवा तकनीकी खराबी आ जाने पर वाहन के खाई में गिरने का भय बना रहता है। साथ ही मार्ग के कई संकरे स्थानों पर दोनों ओर से वाहनों के आ जाने पर पास तक लेने की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### धमाकों के साथ बरसे ओले: चंबा में ठंड

चंबा। जिला चंबा में मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते जारी मूसलाधार बारिश के दौर से ठंड दोबारा से लौट आई है। शुक्रवार को चंबा जिला में ओलावृष्टि व आसमानी गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश जारी रही। इसके चलते शहर के बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखा। बारिश के कारण तापमान में गिरावट के चलते लोग दोबारा से गर्म कपड़े ओढने को मजबूर हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग की ओर से 18 से 20 अप्रैल तक बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया था। चंबा जिला में मौसम विभाग का पूवार्नुमान बिल्कुल सटीक बैठा है। चंबा जिला में पिछली रात से रूक–रूक कर आसमानी गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि हो रही है। हालांकि बारिश के बावजूद जिला के तमाम मार्गों पर यातायात बहाल रखना फिलहाल राहत की बात है। चंबा जिला में शुक्रवार सवेरे से ही मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहा। सवेरे ग्यारह से एक बजे के बीच कुछ देर के लिए बारिश का दौर थमा। मगर दोपहर बाद दोबारा से आसमानी गर्जना के साथ बारिश आरंभ हो गई।

### महिलाओं,किसानों–बागबानों को देंगे 18 हजार

बम्म। हिमाचल प्रदेश सरकार गरीब महिलाओं और किसानों बागवानों को 6000 की अपेक्षा 18000 रुपए देगी। यह बात घुमारवीं विधान सभा क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री राजेश धमार्णी जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आते ही किसानों के लंबित ऋण माफ करेगी। हिमाचल प्रदेश सरकार किसानों बागवानों और महिलाओं की हितेषी है। सरकार महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता देने में बचनबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आपदा राहत कार्यों के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं दिया और आपदा से त्रस्त लोगों की विपदा का नजारा देखते रहे। जबकि लोग गंभीर रूप से त्रस्त थे। छोटे–छोटे बच्चों ने अपने गुल्क तक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राहत कोष में अर्पित कर दिया। जबकि भाजपा की केंद्र सरकार ने और उनके नेताओं ने जरा भी प्रदेश के हितों का ख्याल नहीं रखा। राजेश धमार्णी ने कहा कि सरकार हर वर्ग का ख्याल रखती है और सभी की हर संभव मदद कर रही है। किसानों बागवानों और महिलाओं सहित हर वर्ग के उत्थान में सरकार प्रयत्नशील है। महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर हमारा प्रयास है कि हर वर्ग को सरकारी योजना का लाभ मिल सके। केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि आपदा राहत कार्यों के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं दिया और आपदा से त्रस्त लोगों की विपदा का नजारा देखते रहे।

### कांग्रेस को झूठी गारंटियां बनेंगी आफत

बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने समेत अन्य गारंटियों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर एक जनवरी 2023 से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने की गारंटी दी थी। अपनी इस गारंटी को लेकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि उन्हें अपने वादे के अनुरूप महिलाओं को यह पेंशन देने से किसने रोका था। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार लगभग 16 माह के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है।